


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

वर्ष 03, अंक 202 | ग्वालियर बुधवार 29 जुलाई 2020 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य 01, रुपए, पृष्ठ 8




# देश में कोरोना के मामले 15 लाख के पार

## एक महीने में 10 लाख केस बढ़े, अब हर 10 लाख की आबादी पर



**नई दिल्ली।** हम सभी के लिए बेहद बुरी खबर है। देश में कोरोना मरीजों का आंकड़ा मंगलवार को 15 लाख के पार हो गया है। लगातार तीसरी बार महज 2 दिनों में संक्रमण के एक लाख नए मामले सामने आए। देश में अब हर 10 लाख की आबादी में 12,553 लोगों की जांच हो रही और इनमें 1,082 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए जा रहे। इतनी ही आबादी में 24 लोगों की मौत हो रही है। राहत की बात यह है कि संक्रमण से ठीक होने वाले मरीजों की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। अब देश में कोरोना मरीजों का रिकवरी रेट 65.38त्न हो गया है। मतलब हर 100 मरीज में 65 मरीज ठीक हो जाते हैं जबकि डेथ रेट 2.26त्न है। मतलब हर 100 मरीज में 2 मरीजों की मौत हो रही है। भारत अब दुनिया का 6वां देश है जहां संक्रमण से सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। संक्रमण का पहला मामला 30 जनवरी को सामने आया था। इसके बाद एक से पांच लाख केस होने में 146 दिन लगे थे लेकिन 5 से 15 लाख केस यानी बाकी 10 लाख संक्रमण के मामले होने में महज 32 दिन लगे। देश में 30 जनवरी को कोरोना का पहला मामला सामने आया था। इसके 110 दिन बाद यानी 10 मई को यह संख्या बढ़कर एक लाख हुई। फिर संक्रमण की रफ्तार में इतनी तेजी आई कि महज 15 दिनों में ही आंकड़ा 2 लाख के पार हो गया। इसके बाद संक्रमितों की संख्या 2 से बढ़कर 3 लाख होने में महज 10 दिन लगे। 3 से 4 लाख मामले होने में 8 दिन और 4 से 5 लाख मामले होने में केवल 6 दिन लगे। केस बढ़ने की यह रफ्तार लगातार तेज हो रही है। 5 से 6 लाख और 6 से 7 लाख मामले होने में केवल 5-5 दिन लगे। इस बार 7 से 8 लाख मामले होने में केवल 4 दिन लगे। इसके बाद हर तीन दिन में एक लाख नए केस बढ़े और महज 12 दिनों में संक्रमितों की संख्या 8 लाख से 12 लाख तक पहुंच गई। अब 12 लाख से 13 लाख, फिर 13 से 14 लाख और अब 14 से 15 लाख केस होने में केवल 2-2 दिन लगे। हर दिन अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा भारत में ही संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। भारत में संक्रमण का सबसे ज्यादा असर अभी महाराष्ट्र, दिल्ली, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना में देखने को मिल रहा है। महाराष्ट्र में अब तक 3.83 लाख लोग कोरोना की चपेट में आ चुके हैं। राज्य सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, यहां हर 10 लाख की आबादी में 13 हजार 154 लोगों की जांच हो रही है। इस लिहाज से अभी तक 16 लाख से ज्यादा लोगों की जांच हुई है और इसमें 20.2त्न लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। महाराष्ट्र के बाद संक्रमण का सबसे ज्यादा दर तेलंगाना में है। यहां 10 लाख की आबादी में 7 हजार 97 लोगों की जांच हो रही है और इसमें 16.8त्न लोग संक्रमित मिले हैं। दिल्ली तीसरे नंबर पर है। यहां संक्रमण की दर 14.9 प्रतिशत है।

## भारत में पांच जगह होगा ऑक्सफोर्ड की वैक्सीन का ट्रायल

**नई दिल्ली।** ऑक्सफोर्ड की वैक्सीन के तीसरे और अंतिम चरण के मानव (ह्यूमन) ट्रायल के लिए भारत में पांच स्थानों पर तैयारी पूरी हो गई है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने इस वैक्सीन के उत्पादन के लिए भारत के सीरम इंस्टीट्यूट को चुना है। इसके पहले दो चरणों के ट्रायल्स के नतीजे पहले ही प्रकाशित हो चुके हैं। सीरम इंस्टीट्यूट के तीसरे चरण के क्लिनिकल ट्रायल की तैयारी कर रहा है, जिसमें यह देखा जाएगा कि प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में बीसीजी वैक्सीन प्रभावशाली है या नहीं। इससे पहले वैज्ञानिकों ने 20 जुलाई को घोषित किया था कि ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा कोरोना वायरस के उपचार के लिए तैयार किया गया वैक्सीन सुरक्षित नजर आता है और परीक्षण के दौरान इसके प्रभावी नतीजे सामने आए हैं। अधिक उम्र के लोगों, जटिल बीमारियों से जूझ रहे मरीजों और चिकित्सा कर्मियों में संक्रमण और उसके दुष्प्रभाव को कम करने में बीसीजी वैक्सीन वीपीएम-1002 के प्रभाव को परखने के लिए सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया तीसरे चरण का क्लिनिकल ट्रायल कर रहा है। इसके लिए छह हजार से अधिक स्वास्थ्यकर्मियों और लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

राजस्थान सियासी संकट

## गहलोत सरकार ने तीसरी बार भेजा राज्यपाल को संशोधित प्रस्ताव



**नई दिल्ली।** राजस्थान सरकार ने विधानसभा का सत्र 31 जुलाई से बुलाने के लिए संशोधित प्रस्ताव राज्यपाल कलराज मिश्र को भेजा। गहलोत कैबिनेट की बैठक में संशोधित प्रस्ताव पर विचार-विमर्श के बाद इसे राजभवन भेजा गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया,% कैबिनेट से मंजूरी के बाद संशोधित पत्रावली राजभवन को भेजी गई है।सूत्रों के अनुसार सरकार ने अपने संशोधित प्रस्ताव में भी यह उल्लेख नहीं किया है कि वह विधानसभा सत्र में विश्वास मत हासिल करना चाहती है या नहीं। हालांकि, इसमें सत्र 31 जुलाई से सत्र शुरू करने का प्रस्ताव है। राज्य सरकार ने तीसरी बार यह प्रस्ताव राज्यपाल को भेजा है। इससे पहले दो बार राजभवन कुछ बिंदुओं के साथ प्रस्ताव सरकार को लौटा चुका है। इससे पहले राजस्थान कैबिनेट की बैठक मंगलवार को यहां हुई जिसमें विधानसभा सत्र बुलाने के संशोधित प्रस्ताव पर राज्यपाल द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक के बाद परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि सरकार 31 जुलाई से सत्र चाहती है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हम 31 जुलाई से सत्र चाहते हैं। जो पहले प्रस्ताव था वह हमारा अधिकार है, कानूनी अधिकार है। उसी को हम वापस भेज रहे हैं।%% उन्होंने कहा, उसी को हमने वापस भेजा है, अब अगर आप यदि तानाशही पर आ जायें, आप अगर तय कर लें कि हम जो संविधान में तय है उसे मानेंगे ही नहीं तो देश ऐसे चलेगा क्या?

## दिल्ली-एनसीआर में दो अलग-अलग गहराई पर आ रहे हैं बार-बार भूकंप

**नई दिल्ली।** देश के पूर्वी भाग में चट्टानों के लचीलेपन संबंधी गुणों की खोज एवं क्षेत्र में लगातार भूकंप आनेपर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि इस क्षेत्र में दो अलग-अलग गहराई पर स्थित केंद्रों से मध्यम स्तर के भूकंप आ रहे हैं। कम तीव्रता वाले भूकंपों का केंद्र 1 से 15 किलोमीटर की गहराई में रहता है, जबकि रिक्टर स्केल पर चार से थोड़ी अधिक तीव्रता वाले भूकंप 25 से 35 किलोमीटर की गहराई से आ रहे हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के तहत आने वाल वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी द्वारा किए गए अध्ययन में कहा गया कि मध्यवर्ती गहराई में भूकंपीय गतिविधि नहीं होती है और यह द्रव/ आंशिक द्रव वाले क्षेत्र में पड़ती है।



## पीएम रखेंगे 22.663 किग्रा चांदी की ईंट से नींव

**अयोध्या।** अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। 5 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर के शिलान्यास में 22.663 किग्रा वजनी चांदी की ईंट रखकर पूजा करेंगे। यह ईंट बुलंदशहर के सर्राफा कारोबारियों ने दान की है। इसकी कीमत 14 लाख से ज्यादा है। मंदिर निर्माण के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से चांदी की ईंटें अयोध्या पहुंची है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास ने 40 किग्रा की चांदी की ईंट का दान किया था। अब तक देश भर से एक क्विंटल से ज्यादा चांदी ईंटें और अन्य धातुएं दान में मिल चुकी हैं। दावा किया जा रहा है कि चांदी की ईंटों से राम मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी जाएगी। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने अपील की है कि राम मंदिर के लिए चांदी की ईंटों को दान न करें। उन्होंने नकद राशि ट्रस्ट के अकाउंट में जमा करने की अपील की है।



### राम मंदिर कार्यक्रम जोशी-आडवाणी समेत 200 लोगों को भेजा जा सकता है न्योता

**नई दिल्ली।** राम मंदिर का निर्माण शुरू होने के अवसर पर सभी की इच्छा होगी कि वो उस समय अयोध्या में रहें। खासकर धर्माधिकारियों और आंदोलन से जुड़े लोगों की। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों 5 अगस्त को होने जा रहे मंदिर के शिलान्यास के इस पावन अवसर पर ज्यादा लोगों के इकट्ठा होन से कोरोना संक्रमण का खतरा तो होगा ही साथ ही सुरक्षा कारणों से भी यहां ज्यादा लोगों का इकट्ठा होना ठीक नहीं होगा। ऐसे में राम मंदिर के शिलान्यास के ऐतिहासिक मौके पर अयोध्या पहुंचने की सभी की इच्छाएं पूरी नहीं हो पाएंगी ।

एमपी: कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में गये विधायकों पर बरसे कम्प्यूटर बाबा,

## गद्दार, वोट नहीं देने की अपील

**उज्जैन.** पासवर्ड की तरह पार्टी और विचारधारा बदलने वालों पर कंप्यूटर बाबा जम कर बरसे, उन्हें लोकतंत्र को बचाने की दुहाई दी. सोमवार को वे 50 से अधिक संतों के साथ उज्जैन में मीडिया से मुखातिब हुए और भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाया. कम्प्यूटर बाबा ने मध्य प्रदेश में कांग्रेस सरकार को गिराने के लिए कांग्रेसी विधायकों की खरीद फरोख्त को शिवराज सरकार पर निशाना साधा और भाजपा पर मध्य प्रदेश सहित पूरे प्रदेश में सत्ता का चीरहरण करने में लगी है. उन्होंने कहा कि संतों के साथ मिलकर प्रदेश भर में भ्रमण करेंगे और उप चुनाव में लोकतंत्र की हत्या करने वाली भाजपा के उम्मीदवारों को वोट न देने की अपील करेंगे. क्योंकि भाजपा जिन लोगों को खड़ा करेगी उन्होंने जनता के साथ गद्दारी की है. कंप्यूटर बाबा यही नहीं रुके उन्होंने भाजपा के साथ आरएसएस पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि दोनों संगठन संतों का इस्तेमाल करते हैं जब उन्हें जरूरत होती है तब वे संतों का इस्तेमाल कर लेते हैं और बाद में उन्हें उनके हाल पर छोड़ देते हैं इसका ताजा उदाहरण राम मंदिर है। जिसके निर्माण की प्रक्रिया से संतों को दूर रखा जा रहा है उन्होंने 5 अगस्त को अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम पर भी सवाल उठाया और कहां जब चातुर्मास में कोई मांगलिक कार्यक्रम नहीं होगा तो फिर भगवान राम के मंदिर के निर्माण का शिलान्यास कैसे किया जा रहा है उन्होंने कहा कि एक तरफ धर्म है और दूसरी तरफ अधर्म है संत धर्म के साथ हैं.



## सुशांत के परिवार ने रिया पर खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप लगाया

**पटना।** आत्महत्या करने वाले अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के पिता ने उनकी गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती पर सुशांत को खुदकुशी के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। परिवार का आरोप है कि उसने उसे आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान किया। सुशांत के पिता ने कहा कि उन्हें मुंबई पुलिस की जांच पर भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि उम्र अधिक होने की वजह से वो अब भागदौड़ नहीं कर सकते थे। इस कारण उन्होंने पटना पुलिस से सुशांत की मौत की जांच करने की मांग की है। सुशांत सिंह राजपूत करीब एक महीने पहले मुंबई स्थित अपने अपार्टमेंट में मृत पाए गए थे। पटना पुलिस सूत्रों के अनुसार रिया चक्रवर्ती के ऊपर सुशांत के पिता ने आरोप लगाया है कि रिया ने सुशांत को अपने परिवार से अलग कर रखा था और पूरी तरह से अपने कब्जे में कर रखा था। उसके बैंक अकाउंट को भी वही मैनेज करती थी। पिता का आरोप है कि रिया ने सुशांत के रुपये भी गबन किये हैं और वह उसे पूरे दबाव में रखती थी, पटना पुलिस की टीम मुंबई पहुंच चुकी है।





30 हजार फीट से खींची गई राफेल की तस्वीरें

**नई दिल्ली ।** अत्याधुनिक लड़ाकू विमान राफेल की पहली खेप इस वक्त भारत आने के रास्ते में है, जो आज अंबाला स्थित वायुसेना की छावनी में पहुंच जाएगी। इन विमानों को 30 फीट की ऊंचाई पर फ्रांस एयर फोर्स के टैंकर से ईंधन भरते हुए तस्वीरों को फ्रांस स्थित भारतीय दूतावास ने ट्विटर पर साझा किया है। इंडियन एयर फोर्स ने ट्वीट करते हुए कहा, हमारे राफेल वापस घर लाए जाने के दौरान रास्ते में फ्रांस एयर फोर्स की तरफ से मदद मुहैया कराने के लिए भारतीय वायुसेना उसकी सराहना करती है।

## भारत में दुनिया की बाघों की आबादी का 70 प्रतिशत हिस्सा है : मंत्री जावड़ेकर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने वैश्विक बाघ दिवस की पूर्व संध्या पर नई दिल्ली में बाघों की गणना पर एक विस्तृत रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि बाघ प्रकृति का एक असाधारण हिस्सा है और भारत में इनकी बढ़ी संख्या प्रकृति में संतुलन को दर्शाती है। जावड़ेकर ने कहा कि बाघ और अन्य वन्य जीव भारत की एक प्रकार की ताकत हैं जिसे भारत अंतर्राष्ट्रीय मोर्चे पर दिखा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत के पास धरती का काफी कम हिस्सा होने जैसी कई बाधाओं के बावजूद, भारत में जैव-विविधता का 8 प्रतिशत हिस्सा है क्योंकि हमारे देश में प्रकृति, पेड़ों और इसके वन्य जीवन को बचाने और उन्हें संरक्षित करने की संस्कृति है। वन्यजीवों को हमारी प्राकृतिक संपदा बताते हुए श्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि यह प्रशंसा की बात है कि भारत में दुनिया की बाघों की आबादी का 70 प्रतिशत हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भारत बाघों के पोषण की दिशा में बाघ वाले सभी 13 देशों के साथ मिलकर अथक प्रयास कर रहा है। जावड़ेकर ने यह भी घोषणा की है कि उनका मंत्रालय एक ऐसे कार्यक्रम पर काम कर रहा है जिसमें मानव और जानवरों के बीच टकराव की चुनौती से निपटने के लिए जंगल में ही जानवरों को पानी और चारा उपलब्ध कराने की कोशिश की जाएगी। इस टकराव से कई जानवरों की मौत हो रही है। इसके लिए पहली बार एलआईडीएआर (लिडार) आधारित सर्वेक्षण तकनीक का उपयोग किया जाएगा। लिडार लेजर प्रकाश से लक्ष्य को रोशन करके और एक सेंसर के साथ प्रतिबिंब को मापने के जरिए दूरी को मापने की एक विधि है। बाघ की प्रमुख प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण मंत्री द्वारा छोटी बिल्लियों की उपस्थिति पर एक पोस्टर भी जारी किया गया। बाघ अभयारण्यों के बाहर भारत के कुल बाघों के लगभग 30 प्रतिशत बाघ रहते हैं। इसे देखते हुए भारत ने वैश्विक रूप से विकसित संरक्षण आश्वासन / बाघ मानकों (सीए /टीएस) के माध्यम से इनके प्रबंधन तरीके का आकलन करन शुरू किया था जिसे अब देश भर के सभी पचास बाघ अभयारण्यों तक विस्तारित किया जाएगा। इस अवसर पर पर्यावरण राज्यमंत्री बाबुल सुप्रियो ने कहा कि मानवङ्कपशु टकराव से बचा जा सकता है लेकिन देश में इसे खारिज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष काम कर रहे अधिकारियों ने देश में बाघों की संख्या बढ़ाने का सराहनीय काम किया है।




ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका,ऑनलाइन न्यूज़ चैंनल,पोर्टल,एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ / रिपोर्ट्स

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यो के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है।

संपर्क करें

कार्यालय : ए ब्लॉक,404 भाऊ साहब पोतनीस एंक्लेव,गोले का मंदिर ग्वालियर मध्यप्रदेश मो. 8269307478,7999246560

Website - www.pushpanjalitoday.com,
Email - pushpanjalitoday@gmail.com

## पहली वर्चुअल केबिनेट बैठक के निर्णय

# चंबल एक्सप्रेस-वे अब जाना जाएगा चंबल प्रोग्रेस-वे के नाम से

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में देश की पहली वर्चुअल केबिनेट की बैठक हुई। वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में मंत्रियों ने विभिन्न स्थानों से भागीदारी की ।मंत्रि-परिषद की बैठक में %चंबल एक्सप्रेस-वे% का नाम बदलकर %चंबल प्रोग्रेस-वे% करने निर्णय लिया गया। साथ ही भारतमाला परियोजना के अन्तर्गत चंबल प्रोग्रेस-वे के निर्माण की स्वीकृति दी गयी। योजना के अन्तर्गत मध्यप्रदेश-राजस्थान सीमा से मुरैना होते हुए भिण्ड जिले तक 309 किलोमीटर की फोरलेन ग्रीन फील्ड सड़क के निर्माण को अनुमोदन प्रदान किया गया। परियोजना के लिए राज्य सरकार द्वारा निःशुल्क भूमि उपलब्ध करायी जाएगी। अर्जित की जाने वाली निजी भूमि को यथासंभव शासकीय भूमि से अदला-बदली के माध्यम से किया जायेगा ।मंत्रि-परिषद ने कोविड संक्रमित व्यक्तियों के इलाज की व्यवस्थाओं का अनुसमर्थन किया, जिसमें जन आरोग्य योजना के तहत भारत सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता रखने वाले व्यक्तियों द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों में कोविड का इलाज कराने पर निर्धारित पैकेज के मान से आयुष्मान भारत निरामय मध्यप्रदेश द्वारा 40 प्रतिशत व्यय भार राज्य वहन करेगा। इसी प्रकार जन आरोग्य योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता रखने वाले व्यक्तियों द्वारा मान्यता प्राप्त चिकित्सालयों में कोविड का इलाज कराने पर निर्धारित पैकेज के मान से आयुष्मान भारत निरामय मध्यप्रदेश द्वारा शत-प्रतिशत व्यय भार राज्य वहन करेगा। जो व्यक्ति उपरोक्त दोनो श्रेणियों में पात्रता नहीं रखते है उनका शासकीय अस्पतालों/ अनुबंधित निजी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज होगा। गैर अनुबंधित अस्पतालों में इलाज स्वयं के व्यय पर करवाया जा सकेगा। कोविड अस्पताल/ कोविड हैल्थ केयर सेंटर के लिए निजी चिकित्सालयों के साथ राज्य स्तरीय समिति की उपसमिति के अनुमोदन के बाद




अनुबंध निष्पादन किया जायेगा। अस्पतालों को देय राशि का भुगतान जन आरोग्य योजना के अंतर्गत निर्धारित बेड्स की संख्या के आधार पर होगा। देय राशि का 60 प्रतिशत मासिक स्थाई लागत के रूप में और 40 प्रतिशत परिवर्तनशील लागत के रूप में देय होगा। कोविड अस्पताल/ कोविड हैल्थ केयर सेंटर में जन आरोग्य योजना अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता रखने वाले व्यक्तियों के इलाज पर होने वाले व्यय के 60 प्रतिशत की प्रतिपूर्ति भारत सरकार द्वारा की जायेगी। प्रस्ताव उप समिति द्वारा अनुमोदित किया जायेगा। निजी चिकित्सालयों के साथ अनुबंध 3 माह की अवधि के लिये है और उन्हें आवश्यकता पड़ने पर ही बढ़ाने का प्रावधान होगा।

मंत्रि-परिषद ने मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता ऋण योजना को अनुसमर्थन प्रदान किया। योजना के तहत 18 से 55 वर्ष आयु वर्ग के पात्र व्यक्तियों को व्यवसाय के लिए 10 हजार रूपये तक की कार्यशील पूंजी बैंक से ऋण के रूप में उपलब्ध करायी जायेगी। जुलाई 2020 से मार्च 2022 तक लागू होने वाली इस योजना में एक लाख ग्रामीण गरीबों को लाभांवित करने का लक्ष्य है। योजना से लगभग 14 करोड़ रूपये का वार्षिक वित्तीय भार आएगा । मंत्रि-परिषद ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को खरीफ 2020-21 से रबी 2020-22 तक लागू किए जाने के प्रस्ताव को कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया। योजना में तीन वर्ष के प्रीमियम के लिए राज्य सरकार पर 6494 करोड़ 15 लाख रूपये का वित्तीय भार आएगा। केन्द्र सरकार से योजना में 6305 करोड़ रूपये प्राप्त होने की संभावना है। इस प्रकार योजना 12,799 करोड़ से अधिक की होगी। खुली निविदा के माध्यम से बीमा कंपनी का चयन किया जायेगा । मंत्रि-परिषद ने कैम्पा निधि के अन्तर्गत वार्षिक प्रबंधन स्कीम के तहत वर्ष 2020-21 के अनुमोदित कार्य योजना के लिए 833 करोड़ 54 लाख तथा वर्ष 2019-20 के अतिरिक्त अनुमोदित कार्य योजना के लिए राशि रूपये 149 करोड़ 14 लाख रूपये के प्रस्ताव का अनुसमर्थन किया। कैम्पा राशि से वन क्षेत्र में विगत वर्षो के कार्यो के रख-रखाव, बफर क्षेत्र में रहवास का विकास, बिगडे वनों को सुधार, नदियों का पुनर्जीवन, जल संरक्षण के कार्य, गांव की सीमा में वन क्षेत्रों में बांस का रोपण, वन्य प्राणी संरक्षित क्षेत्रों में ग्रामों का स्वैच्छिक विस्थापन, क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण, नगर वनों की स्थापना तथा अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण संबंधी कार्यो की प्राथमिकता निर्धारित की गयी है। मंत्रि-परिषद ने 21 नगर परिषदों संबंधी अधिसूचना निरस्त कर उन्हें यथावत नगर परिषद रखने के प्रस्ताव को कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

# कोरोना से डरें नहीं, सावधानी रखें



**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अस्पताल से ही मध्य प्रदेश की पहली वर्चुअल केबिनेट को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना से डरें नहीं सावधानी रखें। थोड़े भी लक्षण दिखने पर डॉक्टर से परामर्श लें। यह बीमारी लाइलाज नहीं है। सर्दी जुकाम और बुखार की तरह ही है, सचेत रहकर बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सकता है मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वस्थ हैं। खांसी लगभग समाप्त हो गई है। बुखार भी नहीं आ रहा है। वे अस्पताल से ही आवश्यक कार्य कर रहे हैं। जनता के कार्य अनवरत जारी रहेंगे, कोई काम रुकेगा नहीं। सरकार पूरी सजगता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वह अस्पताल में अपनी चाय स्वयं बना रहे हैं तथा अपने कपड़े भी स्वयं धो रहे हैं। किसी दूसरे को संक्रमण ना लगे इसके लिए आवश्यक है कि कोरोना संक्रमित यथासंभव अपने काम स्वयं करें। उन्होंने बताया कि कपड़े धोने से उन्हें एक लाभ हुआ है। उनके हाथ में फैक्चर हो जाने के बाद एक हाथ की मुट्ठी वे पूरी तरह बंद नहीं कर पाते थे। इसके लिए उन्होंने फिजियोथेरेपी भी कराई परंतु अब कपड़े धोने से मुट्ठी बंद होने लगी है।

**मुख्यमंत्री चौहान ने अस्पताल से कैबिनेट की बैठक को संबोधित किया**

## शाला पूर्व शिक्षा केंद्रों को महिला बाल विकास विभाग की पोर्टल पर पंजीयन कराना होगा अनिवार्य

**भोपाल।** महिला बाल विकास विभाग द्वारा प्राइवेट क्षेत्र में पूर्व से संचालित एवं नवीन संचालित होने वाले शाला पूर्व शिक्षा केंद्रों को विभागीय पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। राष्ट्रीय ईसीसीई पॉलिसी 2013 एवं राष्ट्रीय बाल संरक्षण अधिकार आयोग के निर्देशानुसार प्राइवेट क्षेत्र में पूर्व से संचालित एवं नए संचालित होने वाले शाला पूर्व शिक्षा केंद्रों के नियमन एवं निगरानी के लिए यह निर्णय लिया गया है। इन शाला पूर्व शिक्षा केंद्रों की पंजीकरण की सुविधा 4 अगस्त 2020 से प्रारंभ की जा रही है। महिला बाल विकास विभाग के पोर्टल पर पूर्व से संचालित एवं नवीन संचालित होने वाले शाला पूर्व शिक्षा केंद्रों के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराना आवश्यक होगा।

# डोंगला वेधशाला का विस्तारीकरण किया जायेगा : मंत्री सकलेचा

**भोपाल।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एवं विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने उज्जैन के महिदपुर तहसील के ग्राम डोंगला में अत्याधुनिक वेधशाला का भ्रमण किया। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस अवसर पर उपस्थित थे। उन्होंने सम्बन्धित वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर उज्जैन एवं डोंगला को विज्ञान और धर्म की नगरी बनाने पर जोर दिया। साथ ही भविष्य की साइंस सिटी बनाने पर कार्य किए जाने की बात कही। बैठक में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि डोंगला की वेधशाला में क्या-क्या विस्तारीकरण किया जा सकता है, इसकी विस्तृत योजना तैयार की जाये, ताकि वेधशाला को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। मंत्रीद्वय ने डोंगला में स्थित कर्क रेखा एवं यामोत्तर रेखा के



मिलन बिन्दु पर स्थापित वराह मिहिर खगोलीय वेधशाला परिसर में ऑप्टिकल टेलीस्कोप, शंकु यंत्र, भास्कर यंत्र एवं भित्ति यंत्र का अवलोकन किया। निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निरीक्षण कर सम्बन्धित एजेन्सी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। विधायक बहादुरसिंह चौहान, मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी, वैज्ञानिक डॉ. भूपेश सक्सेना, इन्दौर एसजीएस आईटी के डायरेक्टर डॉ. राकेश सक्सेना आदि उपस्थित थे। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक में अवगत कराया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा उज्जैन जिले की महिदपुर तहसील के ग्राम डोंगला में प्रदेश की प्रथम अत्याधुनिक वेधशाला की स्थापना का उद्देश्य डोंगला को खगोल विज्ञान अनुसंधान केन्द्र के रूप में विकसित करना है। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एवं विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने सोमवार को उज्जैन प्रवास के दौरान महानन्दा नगर स्थित तारा मण्डल का भ्रमण किया। इस दौरान मंत्री श्री सकलेचा ने तारा मण्डल के ऑडिटोरियम में उज्जैन नगर के इतिहास, सौर मण्डल के ग्रह नक्षत्र तथा पृथ्वी की उत्पत्ति सम्बन्धी शो भी देखा। इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# 24 से होंगी तकनीकी कोर्स की अंतिम वर्ष की परीक्षाएं

भोपाल। तकनीकी-शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा है कि तकनीकी पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष की परीक्षाए ऑनलाइन माध्यम से 24 अगस्त से आयोजित होंगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण उत्पन्न परिस्थितयों और छात्रों के सर्वव्यापी हितों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य सेमेस्टर 2 से 7 तक के विद्यार्थियों को अंतरिक मूल्यांकन एवं गत वर्ष में उनके प्रदर्शन के आधार पर आगामी कक्षा में प्रमोट करने का भी निर्णय लिया गया है। सिंधिया ने बताया कि जो छात्र ऑनलाइन परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे उनके लिए बाद में विशेष परीक्षा 15 से 23 सितम्बर के मध्य आयोजित की जाएगी। प्रमुख सचिव, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास कोरोलिन खोंगवाल देशमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि बीए की सैद्धांतिक परीक्षाए 24,26,28 एवं 31 अगस्त को आयोजित होगी। बी.फर्मिसी की सैद्धांतिक परीक्षाए 24,26,28 एवं 31 अगस्त एवं 2 सितम्बर को होंगी।

**छात्रों के सर्वव्यापी हितों को देखते हुए लिया गया निर्णय**

## नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने ली भोपाल मास्टर प्लान की जानकारी

**भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने भोपाल मास्टर प्लान के संबंध में जानकारी ली। बैठक में पावर प्वांइट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से भोपाल मास्टर प्लान के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी गयी। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने भोपाल मास्टर प्लान में सुझाव एवं आपत्ति की स्थिति की भी जानकारी ली। भोपाल मास्टर प्लान पर आगामी 9 अगस्त तक आपत्ति/सुझाव दिये जा सकते हैं। इसके बाद समिति इन आपत्तियों/सुझावों पर विचार कर रिपोर्ट देगी। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 50 हजार से अधिक आबादी के सभी शहरों का मास्टर प्लान बन चुका है। कुल 88 शहरों का मास्टर प्लान बन कर लागू हो चुका है। बैठक में प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीतेश व्यास, आयुक्त नगर एवं ग्राम निवेश श्री अजीत कुमार एंव अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# पुलिस कर्मचारियों के लिये बनेंगे बहुमंजिला आवासीय परिसर - मंत्री डॉ. मिश्रा

### कार्य योजना को शीघ्र मूर्त रूप दें

**भोपाल।** गृह, जेल, विधि विधायी और संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि पुलिस कर्मचारियों की आवासीय समस्या का जल्द ही हल निकाला जाएगा। उन्होंने एक बैठक में मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग बोर्ड के महानिदेशक अजय शर्मा को पुलिस कर्मचारियों के लिये बहुमंजिला



आवासीय परिसरों के निर्माण की कार्ययोजना को शीघ्र मूर्त रूप देने के निर्देश दिए। मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि छोटे और मध्यम जिलो में अराजपत्रित अधिकारी और कर्मचारियों को आवास संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उनकी आवास संबंधी समस्याओं का निराकरण बहुमंजिला आवासीय परिसरों के निर्माण से हो जाएगा। प्रदेश सरकार प्राथमिकता के आधार पर छोटे जिलों में इन सर्वसुविधा युक्त आवासीय परिसरों का निर्माण करेगी। इसमें लिफ्ट का प्रावधान भी होगा। सामूदायिक भवन का निर्माण भी होगा, जिसमें सांस्कृतिक गतिविधियां भी हो सकेगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (योजना) अनिल कुमार भी मौजूद थे।

## दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारी को लॉकडाउन में छूट दें

**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने समस्त विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों और कलेक्टरों से कहा है कि लॉकडाउन के दौरान दिव्यांग अधिकारियों और कर्मचारियों विशेषकर दृष्टिबाधित को उपस्थिति में छूट प्रदान करें। अति आवश्यक होने पर ही उन्हें कार्यालय बुलाया जाये। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि कोरोना संक्रमण को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में कोरोना से संक्रमित मरीजों की संख्या में निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है। साथ ही बहुत बड़ी संख्या में मरीज ठीक भी हो रहे हैं। परिस्थितियों को देखते हुए जिलों में आवश्यकतानुसार लॉकडाउन लगाया जा रहा है।

## शोक संदेश



### स्व. सोना देवी

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी परम् पूज्य **माताजी** का स्वर्गवास दिनांक 27-07-2020, दिन सोमवार को हो गया है।

उनकी शोक सभा दिनांक 29-07-2020, दिन बुधवार को निश्चित हुई है।

**शोकाकुलः अरविंद शर्मा हेड कॉस्टेबल**

मो.- 9617282450

श्रद्धांजली सभा - D-20, भगत सिंह नगर, ग्वालियर

## ज़िन्दगी कितनी हसीन हो जाती है तुम्हारे साथ

ज़िन्दगी कितनी हसीन हो जाती है तुम्हारे साथ!
कितनी सरल, कितनी खुशियों भरी।
जैसे खिलखिलाती हुई इक बगिया ।
जैसे मुस्कुराती हुई मेरी दुनिया ।
जिसमें सिर्फ फूलों की बहार हो ।
और खुशबू की बौछार हो ।
कितना अच्छा लगता है,
जब तुम मेरे पास होते हो,
जब तुम मुझसे बातें करते हो,
जब तुम बातें करते -करते हसते हो,
और तुम्हें हसते हुए देखकर
मैं क्या महसूस करती हूं,
बता नहीं सकती।
सच में, क्यों हो तुम इतने प्यारे,
क्यों हो तुम इतने अच्छे,
क्यों हो तुम इतने फिक्रमंद,
मेरे लिए!!!!!
कौन हूं मैं तुम्हारी?
कौन हो तुम मेरे?
क्या रिश्ता है हमारे बीच!!!
बहुत सोचती हूं,
पर कोई उत्तर नहीं पाती।
क्या तुम्हें पता है ????
क्या तुम जानते हो....
कि जब तुम नहीं होते मेरे पास ,
तब भी मैं तुम्हारे बारे में ही सोचती हूं,
तुम्हें ही याद करती हूं,
और तुम्हारी बातें सोच- सोच कर,
कितनी खुश होती हूं?
कितना हसती हूं ?
मैं बता नहीं सकती इसके बारे में
शब्द कम पड़ जाते हैं बयां करने में ।
शब्दहीन हो जाती हूं मैं, इसे लिखने में।
नहीं लिख सकती मैं इसे कागज़ पर,
क्योंकि यह तो मेरे हृदय का अंश है।
और हृदय को कागज़ पर रखना
किसी के बस की बात नहीं ।
सच में बहुत अच्छा लगता है
मुझे तुम्हारा साथ ।
कभी सोचा नहीं था मैने
कि ज़िन्दगी इतनी हसीन हो जाएगी मेरी ।
कि मैं भी इतनी खुश रह सकती हूं,
कि मुझे भी एहसास होगा इस बात का,
कि मुझे भी जीने का अधिकार है,
कि मुझे भी खुश रहने का हक है,
कि कोई मेरी भी इतनी परवाह करता है।
सच में मैं नहीं बयां कर सकती
अपना एहसास,
जो तुमने मुझे कराया है।
नहीं कर सकती मैं तुम्हारा धन्यवाद।
क्योंकि धन्यवाद करना,
अपमान होगा तुम्हारा !
और मैं कभी नहीं कर सकती,
तुम्हारा अपमान ।
बस एक काम कर सकती हूं,
और वह है प्रार्थना ।
ईश्वर और अल्लाह से,
कि वो तुम्हारे सारे गम,
सारी तकलीफें,
तकलीफें, मुझे दे दे ।
और मेरी सारी खुशियां,
तुम्हें दे दे ।
क्या लिखूं मैं, कितना लिखूं मैं,
तुम्हारे बारे में ?
एहसास शब्दों से बयां नहीं होते !
इन्हें तो महसूस करना पड़ता है,
जो मैने किया है और अभी भी कर रही हूं ।
और हमेशा करती रहूंगी ,
क्योंकि तुमसे पहले और
तुम्हारे बाद ,
,
मुझे कोई भी,ये एहसास नहीं कराने वाला ।
कोई नहीं, कोई भी नहीं।
पास भी , दूर भी नहीं।
दूर दूर तक नहीं ।।



**पूनम कुमारी**
**झारखंड**


# कोरोना लॉंकडाउन में अवसाद की समस्या बढ़ी

वर्तमान में युवा पीढ़ी तीव्रता से अवसाद ग्रस्त होती जा रही है। अवसाद को हम अंग्रेजी में डिप्रेशन कहते है। भारत ही नहीं दुनिया में अवसाद की बीमारी जोर शोर से बढ़ती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा दुनिया में पोलियो, रक्ताल्पता, नेत्रहीनता, कुष्ठ, टीबी, मलेरिया, एड्स जैसी जानलेवा बीमारियों की रोकथाम के लिये सक्रियता से प्रयास किये है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा सन 2017 में अवसाद को मुख्य लक्ष्य बनाया। भारत ही नहीं सारी दुनिया में अवसाद की बीमारी तेजी से फैल रही है तथा इस बीमारी से सारी दुनिया चिन्तित है। भारत में वैश्विक कोरोना महामारी से वचाव हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लगाये देश व्यापी लॉंकडाउन में अवसाद की समस्या में वृद्धि की बात सामने आई है। दिल्ली निवासी अजय कुमार जैन अधिवक्ता के साथ अर्हम ध्यान योग के प्रशिक्षक भी हैं। आपने बताया भारत में कोरोना महामारी से अवसाद की समस्या मे तीव्र गति से वृद्धि हुई है। जब से लॉंकडाउन लगा है तब से घरों में यह पाया गया है कि वहुत से लोगों को एक नहीं अनेक समस्याओं का सामना पड़ा। यह असुविधा घरों में रहते रहते शारीरिक न होकर मानसिक ज्यादा है अर्थात अनिद्रा, बेचैनी, एंग्जाइटी, डिप्रेशन, गुस्सा, चिड़चिड़ापन आदि आना इस प्रकार की अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आपने बताया उपरोक्त मानसिक समस्याओं के कारण अनेक व्यक्तियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती जा रही है। रक्तचाप अनियमित हो रहा है। डायबिटीज का स्तर बढ़ रहा है। इन



समस्याओं के कारण अवसाद की समस्या बढ़ रही है। इन समस्याओं की जानकारी मिलने पर योग प्रशिक्षक अजय कुमार जैन ने अपने गुरु जैनाचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि प्रणम्य सागर जी महाराज से मार्गदर्शन प्राप्त कर ऑंनलाइन अर्हम ध्यान योग शिविर आयोजित किये। इन शिविरों के माध्यम से व्यक्तियों को वसाद से उभारा हैं। वर्तमान में हम देख रहे हैं पुरुषों एवं महिलाओं की अपेक्षा किशोर व युवा ज्यादातर अवसादग्रस्त हो रहे हैं। अवसाद किस कारण से होता है यह स्पष्ट रूप से नहीं बताया जा सकता। मगर माना जाता है इसमें अनेक कारणों की मुख्य भूमिका रहती है। हमने उन कारणों को भी जानने का प्रयास किया है अकेलापन, नींद नहीं आती है या ज्यादा आती है, बेरोजगारी, बित्तीय समस्या, वैवाहिक या अन्य रिश्तों में खटास, शराब या अन्य नशीली वस्तुओं का सेवन का सेवन करना, कार्य का अधिक बोझ, भोजन की अनियमितता। वर्तमान में अधिकतर किशोर जिनकी आयु 12 से 18 वर्ष के बीच होती है ऐसे किशोर अवसादग्रस्त ज्यादा मिल रहे हैं। किशोरावस्था में अत्यधिक चिड़चिड़ापन अवसाद का सबसे बढ़ा लक्षण होता है। इस आयु में इस बीमारी से ग्रसित युवक आसानी से क्रोधित हो सकता है। दूसरों से अशोभनीय व्यवहार कर सकता है। बच्चों पर माता पिता द्वारा पढ़ाई के लिये डाला गया दवाव और दूसरों से स्वयं का आकलन कम करने से भी किशोरों में डिप्रेशन अथवा अवसाद आने के प्रमुख कारण हैं। जैन मुनि सुधासागर जी महाराज से अवसाद समस्या पर चर्चा हुई उनसे उचित मार्गदर्शन लेने का मैंने प्रयास किया। आपका कहना है वर्तमान में सहशिक्षा और पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव से युवा पीढ़ी में भटकाव आ रहा है। आपका कहना है वर्तमान में माता पिता अपनी इच्छा थोपकर वच्चों की पढ़ाई कराना चाहते हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए अगर वच्चे में डॉंक्टर बनने की योग्यता नहीं है तो उसे एम बी बी एस की कोचिंग करने मजबूर न कर उसकी पसंद का व्यापार कराना चाहिए। वचपन से ही हमें संतान को भारतीय संस्कृति और संस्कारों की शिक्षा देना चाहिए। आचार्य विद्या सागर जी महाराज की आज्ञानुवर्ती शिष्या आर्यिका रत्न अनंत मती माता जी ने सन 2017 में महाबीर जयंती के पावन अवसर पर राघौगढ़ में युवा पीढ़ी को संकल्प दिलाया, पाश्चात्य संस्कृति का अनुशरण नहीं करेंगे, भारतीय संस्कृति की रक्षा करेंगे प्रेम विवाह, अन्तर्जातीय विवाह और विधवा विवाह जीवन में कभी नहीं करेंगे। आपने कहा जैन धर्म में पांच पाप हिंसा, झूठ, चोरी, कुशील और परिग्रह का उल्लेख है। ये पांच पाप ही दुनिया में अशांति और युवा पीढ़ी में अवसाद के प्रमुख कारण हैं। अनंत मती का कहना है विश्व शांति और अवसाद से बचने भगवान महाबीर द्वारा प्रतिपादित पांच अणुव्रत अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह के अनुशरण की आवश्यकता है। आपने कहा विश्व शांति के लिये आज अणुबम नहीं अणुव्रत की आवश्यकता है।

## महादेव



********************

हे प्रभु अनंत तुम दयावंत हो,शुभ स्वरूप जग हितकारी।
हे आदि देव हे महादेव,भक्तों के भोला भण्डारी।

महादेव परमेश्वर तुमने,जग का है कल्याण किया।
इस जग के ही लिये आपने,हँस कर विष का पान किया।
हे नील कंठ हे शूल पाणि, हे कैलाशी प्रभु त्रिपुरारी।।

डमर-डमर डम डमरू बाजे,जटा विराजी हैं गंगा जी।
पावन नाम स्मरण दर्शन,मन हो जाये यह चंगा जी।
अर्ध चन्द्रमा भाल विराजे, शोभा है अद्भुत शुभ न्यारी।।

भूत-प्रेत,गण,नंदी जन सब,सेवा करहैं सुख पाते।
जल्दी ही ही प्रसन्न हो जाते,आशुतोष प्रभु कहलाते।
हे शिवशंकर! रुद्र भयंकर,असद अमंगल प्रलयंकारी।
हे प्रभु अनंत हे दयावंत प्रभु,शुभ स्वरूप जग हित कारी।



**श्याम सुन्दर श्रीवास्तव कोमल**
**रावगंज,कालपी,जालौन(उ0प्र0)**
**स्वरचित /मौलिक**

## सार छंद गीत

झाँके मन में साया मां का ,जब मैं हँसती ,गाती।
तेरी यादों की फुलवारी ,मन अँगना खिल जाती ।
दिनकर से भी प्रथम भोर में ,माँ मेरी जग जाती ।
सुघड़ ,सुशील कहाती गृहिणी ,सब दायित्व निभाती ।
दिवस रैन तक श्रम थी करती ,कामों में रत रहती ।
थक कर चूर भले हो जाती ,मुख पर शिकन न लाती ।

भोली-भाली सूरत माँ की देवी सम बन जाती ।
तेरी यादों की फुलवारी ,मन अँगना खिल जाती ।



स्नेह सिक्त मृदु भाव अधर धर ,जब माँ भात पकाती ।
हौले - हौले मार फूंकनी , चूल्हे को सुलगाती ।
बेलन ,चिमटा, अरु चकले सँग ,जाने क्या बतियाती ।
फिर माँ मुझको गोद बिठाकर ,इक इक कौर खिलाती ।

क्षुधा शान्त कर हिय की मेरे ,सदा मात मुस्काती
तेरी यादों की फुलवारी ,मन अँगना खिल जाती ।

हरि भजन में रत होकर जब ,मात बेलती रोटी ।
बड़े बड़े सुख पा लेती माँ ,उन खुशियों में छोटी ।
प्रेम परोस ही रख देती माँ ,उस सादे खाने में ।
तृप्त आत्मा तक कर देती , वो स्नेह लुटाने में ।

अन्नपूर्णा ही स्वयं बनकर , अमृत भोज बनाती ।
तेरी यादों की फुलवारी ,मन अँगना खिल जाती ।



**रीना गोयल ( हरियाणा)**

## पछता रहा हूं मैं

तन्हाईयों में जिंदगी बिता रहा हूं मैं
दर्द से, गमों से टूटा जा रहा हूं मैं
चल के बहुत दूर जो मंजिल नहीं मिली
बनके राही प्यार का पछता रहा हूं मैं

अरमान जितने थे , दम सभी के घुट गए
नींद, चैन जिंदगी के सारे लुट गए
बिना करार के ही जिए जा रहा हूं मैं
बनके राही प्यार का पछता रहा हूं मैं



अपने दिल को मैं कभी भी टोक न पाया
चाहकर के भी इसको रोक न पाया
दिल के गलतियों की सजा पा रहा हूं मैं
बनके राही प्यार का पछता रहा हूं मैं

दर्द का तूफान दिल से जा नहीं रहा
क्या करूं समझ में कुछ आ नहीं रहा
कठिन ये अपनी जिंदगी बना रहा हूं मैं
बनके राही प्यार का पछता रहा हूं मैं

**विक्रम कुमार**
**मनोरा, वैशाली**

## बाढ़ की विभीषिका

आये जब यह बारिस का मौसम
दिल बहुत घबराता रहता है मेरा
मैं बिहार का अबला ग्रामीण हूँ
बाढ़ की विभीषिका से नाता मेरा।

यह बारिस अमीरो को शकून देती
गरीबों के छप्पर को तो चूअन देती
भींगते बदन और रोजी न रोजगार
आशा में दिन निकला थम जा बरसात ।

नदियों में उबाल देख डर लगा रहता
घर तो बहेगा ही फसल भी बर्बाद
हर वर्ष हमलोगों को देती दोहरी मार
बाढ़ से निजात का कोई न करता उपाय।



बचपन से देख रहा सबका यही हाल
सरकारें बदलती गयी नहीं बदली चाल
बिहार को आगे नही पीछे ले जाते हैं
हर वर्ष सरकार व यह नदियों की धार।।

फिर शूरू होता बंदरबाट का धंधा
लाखो पैकेज बनते करोड़ों के चंदे
कुछ बांटकर, खूब चलता गोरख घंघा
फिर वहाँ घडियाली आँसू जाकर बहता।

यह विवशता भरी खेल हमसे खेले
हम ग्रामीण फिर भी इनको न बोले
यह जीवन कैसे चले इनपर चुप कैसे रहे
सवालजबाब जब हो ये विपक्ष को बोले।

आशुतोष
पटना बिहार

# अर्द्ध आधुनिक

(भारतीय विवाह से जुड़ा आलोचनात्मक लेख)

''हम उस समाज में जी रहे है, जिसमे सदा से पुरूष-महिला के बीच भेद रहा है, और शादी के बाद महिला, पुरूष की एक सम्पत्ति की तरह हो जाती है, पुराने समय में जैसे ही पतिदेव की मृत?यु हो जाती थी, तो बेचारी अर्धांगिनी जी जिन?दा ही अग्निदेव को अपनी शैया समझ कर पति की अर्थी के साथ स?वाहा हो जाती थी, जिसे सती कहा जाता था। वैसी ही एक प्रथा जौहर भी थी और हमारे राजा-महराजाओं की कई रानियाँ,पटरानियाँ और महरानियाँ हुआ करती थीं, और बारह-चौदह बर्ष की बालिकाओं का विवाह अधेड़ उम्र के पुरूषों से कर दिया जाता था। साथ ही जब विवाह हुआ करते थे तो बहुत सा धन और सम?पत्ति और कई गाँव दहेज में दे दिये जाते थे। लेकिन आज भी यह दहेज प्रथा निरंतर चलती जा रही है। हमने वे प्रथाऐं जारी रखी हैं जिनसे हमें कहीं न कहीं फायदा दिखता है। आज हम यह बात जोर-शोर से करते हैं कि आज की नारी आधुनिक और स?वतंत्र है, लेकिन हम दहेज और शादी के मामलों में पहले की तरह ही पिछड़े हुए हैं, यह लेख सत?यता पर आधारित है लेकिन पात्रों के नाम परिवर्ति?त किये गये हैं।'' यह कहानी कीर्ति की है, कीर्ति जो की इंग?लिश मीडियम की पढ़ी-लिखी लड़की है, इंजीनिरिंग की कांउसलिंग के दौरान उसे प्रदेश का अच?छा कॉलेज मिल जाता है और राहुल को भी यही कॉलेज मिलता है राहुल एक समझदार और होशियार लड़का है। कीर्ति की उससे बहुत बनती है, और फर्स्?ट सेम में ही दोनो एक दूसरे को प्रपोज कर देते हैं, और ये दोनों एक ही जात-समाज से हैं। कीर्ति अक्सर अपने परिवार के सदस?यों से राहुल की तारीफ किया करती है लेकिन उनके सामने उसे अपना अच?छा दोस?त बताती है। संयोग से ये दोनो एक ही शहर के रहने वाले है, जब कीर्ति के घर वालो को राहुल के घराने का पता चलता है तो वे अति प्रसन?न होते है क?योंकि राहुल एक अमीर-खानदानी लड़का है। अब इन दोनो का कैम?पस सिलेक?शन बहुत ही अच?छी कम?पनी में हो जाता है, और दोनो अपने-अपने घर में खुल कर ऐलान कर देते हैं, कि हम दोस?त नहीं कुछ ज?यादा ही हो गये हैं, और लड़की के घर के लोग (खास तौर पर लड़की के माँ-बाप तो क?या बोलते) कहते हैं कि जब तुम लोग खुद को एक अच?छा दोस?त बताते थे तब भी हम लोग समझ रहे थे कि तुम लोग एक दिन जरूर एक होगे और इस लड़के को तो हम लोग कबका अपने बेटे की तरह मान



चुके हैं। आखिर कोई कैसे मना कर सकता है, जब पता चलता है कि लड़का कमाऊ और अच?छे घर से है। भारत में अगर लड़की को बेरोजगार लड़के से प?यार हो जाए तो बड़ी ही दिक?कत हो जाती है,भले ही लड़की कमा रही हो, जबकि इसके उलट लड़की को हमेशा यही सिखाया जाता है कि तुम कमाओ या नही लेकिन एक अच?छी गृहिणी बनना परमावश?यक है। जब घर के लोगो को मालूम पड़ता है कि उनकी बेटी किसी लड़के से मोबाइल पर बातें करती है तो उन?हे वह नगुजार होता है लेकिन जब पूछताछ में मालूम पड़ता है कि वह लड़का कमाऊ है और रईस घर से है तो वे संकीर्ण विचारधारा के अभिभावक मॉर्डन हो जाते हैं। खैर राहुल और कीर्ति की शादी होने वाली है, दोनो के घरवाले अब एक-दूसरे को समधी-समधन बोलने लगे हैं, कई छोटी-मोटी रस?में भी कर दी गई हैं और कीर्ति पर प?यार लुटाने के लिए सासु माँ पूरी तरह अर्पित हैं, ''हाय मेरी चाँद सी बहू ! इतनी अच?छी बहू तो मुझे दिया लेकर ढूंढ़ने पर भी नहीं मिलती'' वहीं दूसरी ओर कीर्ति और राहुल बहुत खुश हैं कि हमारे अभिभावक कितने समझदार, स?नेही और मॉर्डन हैं, लेकिन ये रिश?ता स?वीकार किया गया है तो अब लव कम अरेंज बन ही गया है, अब लेन-देन की बातें कहा पीछे रहतीं, हर एक प्रोग्राम पर होने वाला खर्च कीर्ति के अभिभावक को वहन करना था, वहीं दूसरी तरफ राहुल के पिता ने कीर्ति के पिता को एक लंबी लिस?ट थमा दी थी कि उनके किस रिश?तेदार का स?वागत किस लिफाफे और गिफ्ट हैम?पर से करना है। वही कीर्ति के पिता का सोचना है कि बेटी को उसका हिस?सा तो देना ही है, तो क?यों न शा?दी के नाम पर ही दे दूं। एक बड़ा फ्लैट कीर्ति के पिता ने खरीद लिया है जो कि बेटी-दामाद को तोहफा स?वरूप दिया जायेगा, अब इतने बड़े बगंले में कार तो होनी चाहिए तो लीजिए कार भी दहेज में दे दी गई है और 20-25 लाख नकद राहुल के पिता को दे दिये जायेंगे। अगर प?यार बस करते तो क?या खाक़ मिलता लेकिन शादी की मान?यता ही कुछ और है, हमारे राहुल बाबू के तो ऐश ही हो गये और इतने सारे सौदे कीर्ति को दिखाई नहीं दे रहे। जहाँ एक तरफ कीर्ति के पिता ने दो प्रेमियों को मिलाने का काम करके आधुनिकता दिखाई, वही पुरानी विचार-धारा भी नहीं छोड़ी और राहुल के पिता की हर बात पर बेतहाशा खर्च किया, लेकिन जब शादी में कभी तलाक की नौबत आती है तो पति देव और उनके परिवार के लोग एक-एक पाई लौटाने में हाथ पीछे खींचते हैं और जीवन भर लड़की के धन का उपयोग करते हैं जो कि उसके पिता ने दहेज में दिया है। आप जरूर कहेंगे कि लड़की को पैतृक संपत्ति मे हिस?सा मिलना उसका अधिकार है, लेकिन अगर यह अधिकार शादी के वक?त ही प्रयोग होता है तो आखिर उसको क?या फायदा मिलता है इस पर लोग कुतर्क देते हैं कि लड़की का पति और पति का परिवार ही तो लड़की का परिवार है तो वे उसकी संपत्ति का प्रयोग क?यों न करें? लेकिन इतना सब देने के बाद भी लड़की आखिर काम-काज और गृहस?थी का बोझ ढोती है, लड़की को जिम?मेदारी का नाम देकर हम उसकी क्षमताओं का उपयोग ही तो कर रहे हैं और यहाँ लड़की का हक कहकर तो कुछ दिया नहीं जाता, बल्कि ससुराल वालों को दहेज देते वक?त लेन-देन शब?द का प्रयोग किया जाता है, और दस लाख में अगर पचास हजार कम करवा लिया जाता है, तो बड़े ही उल?लास के साथ प्रफुल्लित हो कर यह गाना लड़की के अभिभावक अपने रिश?तेदारों के बीच गाते हैं, लेन-देन की राशि लड़के की क्षमताओं के आधार पर बढ़ती है, अगर लड़का छोटा व्यापारी है, तो 5लाख से 10 लाख तक होती है, और अगर अच?छी नौकरी-पेशे से है तो 10 लाख से 50 लाख और करोड़ो तक बात जाती है, जितना ज?यादा दहेज मिलता है, उतनी ही ज?यादा समाज में इज?जत बढ़ती जाती है, अगर दहेज अच?छा दिया जाता है, तो लड़के की माँ को उसकी नंद, जेठानी और देवरानी को जलाने का अच?छा मौका मिल जाता है, कि देखो मेरे बेटे की इतनी अच?छी नौकरी की कितनी अच?छी कीमत मिल गई है, हमारे घरों की महिलाओं को दहेज का चढ़ावा देखने-दिखाने में कुछ ज?यादा ही खुशी मिलती है। कीर्ति के पिता दहेज देने में सक्षम हैं, लेकिन मेरे कई मित्र ऐसे भी हैं जिन?होंने उधार लेकर और जमीन बेच कर भी अपने समधी को मनचाहा दहेज दिया और गरीबी को गले लगा लिया, मैं यहाँ पर दहेज-प्रताड़ना की चर्चा नहीं करूंगा, क?योंकि ये सारी खबरें हम आये दिन अखबार में पढ़ते ही रहते हैं, कि किसी लड़की को दहेज के लिए आग से जला दिया गया, या मारपीट आदि के विरूद्ध लड़की को थाने और पुलिस की शरण लेनी पड़ी, हम आज इतने जागरूक और समझदार हो गए हैं कि इस शोषण युक?त प्रथा को अपने और अपने आसपास के माहौल के अनुसार समझ व रोक सकें, इसके लिए हमें कहीं जाकर किसी को इस लेन-देन के लिए रोकना नहीं है, बस खुद पर अमल करने की जरूरत है, यह कुप्रथा अपने आप सर के बल आ गिरेगी। अगर लड़की को बाकई उसका हक देना है तो उस वक?त दें जब वह पढ़ रही होती है और उस दौरान उसको एक स?थाई सम?पत्ति भेंट सकते हैं जो कि सिर्फ उसके नाम पर हो। हमारे कानून एक-दूसरे के विरोधी हैं जैसे दहेज लेना-देना गैरकानूनी है इसलिए बेटी का पैतृक सं?पत्ति पर हक का कानून हम इस घिनौनी दहेज प्रथा के लिए उपयोग कर रहे हैं।

बेटी बेटी पैदा होते ही दहेज के लिए पैसा जोड़ना शुरु कर दिया जाता है, लेकिन उसके विकास के लिए नहीं। चलिए आपने शादी करा दी अपना सब कुछ शादी में लगा दिया फिर भी ज?यादातर लड़कियाँ/औरतें घर पर काम-काज में जोती जा रहीं हैं और कई महिलाओं को घर के साथ-साथ दफ्तर भी संभालना पड़ता है इसलिए दोतरफा दोहन भी होता है। मेरे पाढकों से सवाल हैं कि इस आधुनिकता का दावा करने वाले समाज में दहेज को जारी रखना उचित है? क?या जिस रिश?ते को हमारी भारतीय समाज में इतना पवित्र और सात जन?मों का रिश?ता माना जाता है, उस रिश?ते को मूल?य देकर खरीदना जायज़ है, और ऐसा रिश?ता जो मूल?य देकर खरीदा जाए, वह कितना मजबूत हो सकता है? गरीब और मजबूर इंसान जानता है कि उसको अपनी बेटी के लिए दहेज की व?यवस?था करनी ही होगी, ताकि उसकी बेटी को प्रताड़ित न किया जाए, तो वह बेटी के पैदा होते ही उसको जिंदा मार दिये जाने जैसा कदम उठाने के विचार को अपने अंदर आने से कैसे रोक सकेगा, और क?या बालिकाओं की हत?याओं को रोकने के लिए एक छोटी-सी लेकिन अतिघातक लेन-देन की आदत को हमलोग छोड़ नहीं सकते?

**रुचिर जैन**
**दमोह (म.प्र.)**

# प्लास्टिक का कचरा

यह कोई छिपा हुआ तथ्य नहीं है कि प्लास्टिक आज पर्यावरण प्रदूषण का आम कारक है। सरकारों की ओर से इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के बारे में लंबे समय से आश्वासन दिए जाते रहे हैं। मगर हकीकत यही है कि सरकारों और संबंधित महकमों ने प्लास्टिक पर रोक लगाने संबंधी जरूरी कदम नहीं उठाए हैं, जबकि एनजीटी यानी राष्ट्रीय हरित अधिकरण से लेकर कोर्ट तक ने कई मामलों में सरकारों को इसे लेकर कई बार निर्देश दिया। मगर इस सबका कोई ठोस असर जमीन पर होता हुआ नहीं दिखा है। अब सीपीसीबी यानी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने एनजीटी को यह जानकारी दी है कि अब तक कुल 18 राज्य प्लास्टिक की थैली पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा चुके हैं। इतने बड़े पैमाने पर अगर यह पहलकदमी हुई है तो निश्चित रूप से यह पर्यावरण को बचाने की दिशा में एक अहम कदम होगा। लेकिन यह तभी संभव हो पाएगा जब पहले की घोषणाओं की तरह इस बार भी सरकारें केवल दावों की औपचारिकता निभाने के बजाय इस दिशा में कुछ ठोस नतीजा-आधारित काम करेंगी। गौरतलब है कि एनजीटी प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के क्रियान्वयन और इससे संबंधित मामलों पर दाखिल सीपीसीबी की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। इस दौरान यह बताया गया कि 18 राज्यों ने जहां प्लास्टिक की थैलियों या उत्पादों पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी है, वहीं कुछ राज्यों ने इस मामले में आंशिक प्रतिबंध लगाया है। मगर समस्या यह है कि आज भी ऐसे कई राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हैं जिन्होंने इस तरह की पाबंदी लगाने की औपचारिकता पूरी करना जरूरी नहीं समझा है। जबकि इससे संबंधित कानून प्लास्टिक के उपयोग को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश तय करते हैं। सवाल है कि जब इस मसले पर बने कानूनों को अमल में लाना कुछ राज्य सरकारों तक को जरूरी नहीं लगता, तो वैसे आम लोगों से क्या उम्मीद की जा सकती है जो पर्यावरण व प्रदूषण जैसी समस्याओं पर पर्याप्त स्तर पर जागरूक भी नहीं हैं!



# इन चीजों के सेवन से घटेगा आपका वजन

सेहतमंद और सक्रिय रहने के लिए नियमित अंतराल में कुछ ना कुछ खाते रहना बहुत जरुरी है। लेकिन अगर स्नैक्स के चुनाव में सतर्कता न बरती जाए तो ये सेहत के लिए नुकसानदेह भी साबित हो सकते हैं। आइए जानें, किन-किन स्नैक्स को अपनी डाइट में शामिल करके आप अपना वजन घटा सकती हैं। गेहूं गेहूं और उनसे बनी चीजें काबरेहाइड्रेट का अ%छा स्रोत हैं। स्नैक्स के रूप में ये बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। इनमें फाइबर भी पर्याप्त मात्रा में होता है, जो आपके ब.ढते वजन पर अंकुश लगाएगा। मेवे और बीज नट्स और सीड (बादाम, पिस्ता, सनफ्लॉवर सीड) शरीर की मांसपेशियों को मजबूत बनाते हैं। इनमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन मौजूद रहता है, साथ ही इनमें असंतृप्त वसा पाया जाता है, जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। मेवों में भरपूर कैलोरी पाई जाती है। कोशिश करें कि 5-8 बादाम से %यादा एक बार में न खाएं। फल हर फल की अपनी खासियत होती है। सेब में पानी, आयरन और प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। इसके नियमित सेवन से आपके शरीर में मौजूद अतिरित्त* वसा कम हो जाएगी। जामुन में कैलोरी कम और फाइबर बहुत अधिक पाया जाता है। इससे कई तरह की बीमारियों से निजात भी मिलती है। इसी तरह स्ट्रॉबेरी और संतरा विटामिन सी का अ%छा स्रोत है। गर्मियों में तरबूज का सेवन करना भी स्वास्थ्य के लिहाज से काफी अ%छा है। संतुलित नाश्ते के साथ मौसमी फलों का सेवन आपके वजन को कम कर करता है। छाछ छाछ में भरपूर प्रोटीन व कैल्शियम पाया जाता है। इसका स्वाद भी लाजवाब होता है। छाछ पीने से भूख भी कम लगती है। भूख कम लगेगी तो ब.ढते वजन पर काबू भी हो जाएगा। वैसे तो दूध या दूध से बनी कोई भी चीज सेहत के लिए फायदेमंद होती है, मगर छाछ की बात ही कुछ और है। खिच.डी सुबह खिच.डीखाने से पेट हल्का रहता है और वजन भी नहीं ब.ढता। आप खिच.डी में अपनी मनचाही मौसमी सब्जियां डाल कर उसे पका सकती हैं। इससे दिनभर ऊर्जा मिलती रहेगी। ओट्स जिनका वजन %यादा है उनके लिए ओटमील का सेवन वरदान साबित हो सकता है। ओटमील में सूखे मेवे डाल कर खाएं। ओट्स खाने से शरीर को खूब सारा फाइबर मिलता है और पेट भी लंबे समय तक भरा रहता है। ऐसे में आपको बार-बार खाने की जरूरत नहीं होगी। इससे आपका वजन कम हो जाएगा। पोहा पोहा कम समय में बनने वाला सबसे पौष्टिक स्नैक्स है। इसमें कैलोरी कम होती है और यह शरीर के लिए भी बहुत अ%छा माना जाता है। दलिया अगर आपको अपना वजन कम करना है तो दलिया खाएं। यह फाइबर और काबरेहाइड्रेट से भरा होता है। आप इससे कई तरह की रेसेपी भी बना सकती हैं। अपनी पसंद के अनुसार आप नमक या चीनी डालकर पसंदीदा नाश्ता बना सकती हैं।

# आपके गर्भ पर सिर्फ आपका अधिकार

आप अक्सर अखबार में प.डती होगीं कि किसी नवजात बच्ची का शव किसी स.डक किनारे मिला। दो ल.डकियां होने के कारण पति ने अपनी पत्नी का गर्भपात करवा दिया आदि। ऐसी खबरें प.ढकर आप सहज अंदाज लगा सकती हैं कि भारत में कन्या भ्रूण हत्या पर कितना अंकुश लग सका है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि कन्या भ्रूण हत्या केवल समाज के निचले तबके के लोग ही नहीं करते, बल्कि महानगरों के प.ढे-लिखे लोग भी करवाते हैं। प्री-नेटल डाइग्नोस्टिक तकनीक (पीएनडीटी) के



अंतर्गत गर्भवती महिला की किसी भी तरह की शारीरिक जांच, बच्चे के जन्म से पूर्व उसके लिंग, बच्चे की विसंगतियां, जेनेटिक बीमारियां, भ्रूण की स्थिति, भ्रूण का लिंग, शारीरिक असामान्यता आदि या अन्य कोई भी ऐसी असाधारण बीमारी या विकलांगता जो बच्चे के जन्म से संबंधित हो, की जांच होती है। पर भारत में इस तकनीक का दुरुपयोग कई लोग जन्म से पहले भ्रूण का लिंग जानकर गर्भपात करवाने के लिए करते हैं। सरकार ने सबसे पहले प्री-नेटल डाइग्नोस्टिक तकनीक (पीएनडीटी) के दुरुपयोग को रोकने के लिए प्री-नेटल डाइग्नोस्टिक तकनीक एक्ट 20 सितंबर, 1994 को बनाया गया। जिसे एक जनवरी, 1996 को लागू किया गया। इस एक्ट को बाद में संशोधित करके 14 फरवरी, 2003 को प्रभावी रूप से लागू किया गया। प्री नेटल डाइग्नोस्टिक तकनीक एक्ट के अंतर्गत कुछ नियम और शर्तें लागू की गई हैं- - क्लीनिक या नर्सिंग होम को हिंदी और अंग्रेजी में 'लिंग परीक्षण कानूनन अपराध है' और 'यहां लिंग परीक्षण नहीं होता' का बोर्ड लगाना आवश्यक है।

# 40 की उम्र के बाद महिलाएं ऐसे रखें अपनी सेहत का ख्याल

घर परिवार का ध्यान रखने के दौरान महिलाएं अपनी सेहत की ओर ध्यान नहीं देतीं, ऐसे में 50 की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते वे बिमारियों की गिरफ्त में आने आने लगती हैं। महिलाओं को सुबह शाम उठते बैठते जोड़ों और घुटनों में दर्द होने लगता है। महिलाओं में आर्थराइटिस (जोड़ों के दर्द) का कारण पोषक तत्वों की कमी और मोटापा है।

आम तौर पर महिलाएं इसे उम्र बढ़ने का संकेत मानकर नजरअंदाज कर देती हैं। ऐसे में विशेषज्ञ से विचारविमर्श करें। घुटनों में सुबह-सुबह दर्द, अकड़न, लॉकिंग एवं पॉपिंग से शुरुआत होने से लेकर जोड़ों में सूजन होने तक, यह आर्थराइटिस के संकेत हो सकते हैं जोकि एक प्रगतिशील ज्वाइंट स्थिति है और अधिकतर भारतीय महिलाएं इन संकेतों को नजरअंदाज करती हैं।

सही समय पर पहचान -

महिलाएं तभी डॉक्टर के पास जाती हैं जब यह स्थिति ऐसे स्टेज में पहुंच जाती है जब दर्द असहनीय हो जाता है। याद रखें कि देरी होने से जोड़ों को होने वाला नुकसान कई गुणा बढ़ा सकता है। यदि इसका शुरुआती चरणों में इलाज हो जाए, तो पारंपरिक उपचारों की मदद से इस स्थिति को बढ़ने में विलंब किया जा सकता है।

वजन पर नजर -

मोटापा बढ़न महिलाओं में जोड़ों की




बिमारी का बड़ा कारण है। हमारे जोड़ कुछ हद तक वजन उठाने के लिए डिजाइन हैं। प्रत्येक एक किलो अतिरिक्त वजन घुटनों पर चार गुना दबाव डाल सकता है। क्षमता से अधिक वजन जोड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है, इसलिए सही वजन का मतलब है स्वस्थ जोड़।

30 मिनट की वाक - हर दिन 30 मिनट की वॉक हड्डियों एवं जोड़ों के स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हो सकती है।

छोटी-मोटी चोटों को गंभीरता से लें - हम जोड़ों के आसपास लगी छोटी-मोटी चोटों को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं. इससे हानिकारक स्थितियां पैदा हो सकती हैं, जैसे भविष्य में आर्थराइटिस हो सकता है। यदि दर्द बार-बार हो रहा है तो विशेषज्ञ की सलाह लें। हम अक्सर ऐसे मरीजों को देखते हैं जहां ज्वाइंट इंजरी ज्वाइंट डिजनरेशन का कारण बन जाती हैं।

शरीर के पॉश्चर पर रखें नजर - गलत पॉश्चर से जोड़ों, खासतौर से घुटने पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है. घुटने शरीर में सबसे अधिक भार सहन करने वाले जोड़ हैं. इससे घुटने में दर्द हो सकता है. सही पॉश्चर रखना, काम के दौरान बीच-बीच में ब्रेक लेना, नियमित रूप से स्ट्रेचिंग करना और अपने पॉश्चर को बीच-बीच में ठीक करने से घुटने के दर्द को कम करने में मदद मिलती है.

पेनकिलर्स का प्रयोग न करें - हमारे देश में खुद से दवाएं लेना एक आम समस्या है. आमतौर पर, हम अक्सर शरीर में दर्द होने पर डॉक्टर से सलाह लिए बिना पेनकिलर्स का सहारा लेते हैं. पेनकिलर्स भले ही हमें दर्द से फौरन राहत दिलाते हैं पर, वह स्थिति का उपचार नहीं करते. इससे कई को-मॉर्बिड स्थितियां पैदा हो सकती हैं इसलिए यदि आप अपनी मॉम को जोड़ों के दर्द के लिए खुद से पेनकिलर्स लेते हुए देखें, तो फौरन ऑथोर्पेडिस्ट के पास जाकर उनका परीक्षण कराएं.



# मानसून के मौसम में इस प्रकार बेहतर रहेगी त्वचा


बारिश का मौसम करीब आ गया है। बारिश के मौसम में महिलाओं को अपनी त्वचा का विशेष ख्याल रखना होता है। बरसात के मौसम में कई तरह की त्वचा की समस्यायें हो जाती हैं। खुजली, जलन और लाल दाग बन जाना सामान्य समस्याएं हैं। ऐसे में त्वचा का विशेष ख्याल रखना होता है। अगर आप भी बरसात के मौसम में अपनी त्वचा को लेकर परेशान हैं तो ये उपाय अपनाएं।

साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखें-

बरसात के मौसम में ज्यादातर बीमारियां गंदगी की वजह से ही फैलती हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने हाथ, चेहरे और पैरों को समय-समय पर साफ करती रहें। कोशिश करें कि दिन में दो बार किसी अच्छे फेस वॉश से चेहरा साफ करें। आप चाहें तो वाटरप्रूफ क्लींजर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

टोनिंग करना भी रहेगा फायदेमंद

बरसात के मौसम में वातावरण में नमी ज्यादा रहती है। ऐसे में त्वचा के पोर्स भी बंद हो जाते हैं। इस वजह से अक्सर मुंहासे हो जाते हैं। आप चाहें तो कोई अच्छा एंटी-बैक्टीरियल टोनर भी इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आप टोनर इस्तेमाल करने



से डरती हैं तो गुलाब जल का इस्तेमाल करना भी आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

मॉइश्चराइजेशन करना न भूलें

कई बार लोगों को लगता है कि बरसात में मॉइश्चराइजर लगाने से त्वचा चिपचिपी हो जाएगी लेकिन ऐसा नहीं है। बरसात में भी त्वचा को पोषण की जरूरत होती ही है। बरसात में बार-बार पानी से भींगने पर त्वचा ड्राई हो जाती है। इससे खुजली और रैशेज हो जाते हैं। ऐसे में मॉइश्चराइजर लगाना छोड़े नहीं। आप चाहें तो ऑयल-फ्री मॉइश्चराइजर का उपयोग कर सकती हैं।

ड्राई रहना बहुत जरूरी है

बरसात के मौसम में हम अक्सर गीले हो जाते हैं। ऐसे में संक्रमण का खतरा हमेशा बना रहता है। ऐसे में कोशि ?श करें कि आपकी त्वचा ज्यादा देर तक गीली न रहे।

5. बरसात की धूप से बचकर

बरसात के बाद जब धूप होती है तो बहुत ही तीखी होती है। धूप में निकलना हो तो बिना सनस्क्रीन लगाए नहीं निकलें. सनस्क्रीन से त्वचा अल्ट्रा वायलेट किरणों से सुरक्षित रहेगी।

# ये फैशन टिप्स जानती हैं आप

आजकल के जमाने में हर लड़की को कुछ फैशन टिप्स मालूम होनी चाहिये जिससे वह बेहतर तरीके से रह सके। अगर आप अपनी नई जींस को ऑल्टर के लिए दे रही हैं तो टेलर को देने से पहले दो बार जींस को वॉश कर लें, क्योंकि धोने के बाद ज्यादातर जींस सिकुड़ जाती है।

पुराने कपड़ों से किसी तरह की गंध आ रही है तो इसके लिए आप बोटल में पानी और वोडका को मिलाकर स्प्रे करें। ध्यान रखें बोटल में एक तिहाई वोडका डालें। अगर आपके पसंदीदा हैंडबैग पर तेल के दाग लग जाते हैं, तो इसके लिए आप तेल के स्पॉट के ऊपर बेबी पाउडर लगाकर रात भर के लिए छोड़ दें। सुबह तक, दाग गायब हो जाएगा। यदि थोड़ा सा दाग अभी भी रहता है, तब इसी प्रक्रिया को तब तक दोहराएं जब तक कि दाग पूरी तरह से नहीं चला जाता। डायमंड को हमेशा चमकदार बनाए रखने के लिए उसे लिक्विड डिश वॉश से किसी पुराने ब्रश की मदद से साफ करें। अगर आपके पास कभी स्टोर में जींस ट्राई करने का टाइम नहीं है तो आप अपनी गर्दन से नापकर भी जींस खरीद सकते हैं। इसके लिए आप अपनी गर्दन के चारों ओर जींस की कमर रखें। यदि जींस की कमर आपके गले के पीछे आराम से मिलती है, तो आपकी जींस आपको फिट आएगी। अगर आपके कपड़ो पर लिपस्टिक का दाग लग गया है तो इसे आप बहुत आराम से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए आपको लिपस्टिक के स्पॉट पर हेअर स्प्रे लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ना होगा। इसके बाद आप उस कपड़े को वॉश कर लें।

# इस प्रकार आप बेहतर बना सकती हैं रिश्ता

पति-पत्नी का रिश्ता सिर्फ प्यार और विश्वास पर भी टिका होता है लेकिन जहां प्यार है वहां थोड़ी-बहुत तकरार भी हो ही जाती है। जो आगे चलकर रिश्तों को और भी मजबूत बना देती है। पति-पत्नी का एक दूसरे पर पूरा हक होता है इसलिए कभी पति को गुस्सा आ भी जाए तो वह अपनी पत्नी पर निकालते हैं। इसके पीछे की खास वजह है आपके पति का आप पर पूरा भरोसा होना कि आप बिना कहे उनके मन का दर्द समझ लेंगी। ऑफिस, बिजनेस, पारिवारिक जिम्मेदारियों या फिर आपसे नाराजगी के कारण परेशान होना आम बात है। इन्हीं वजहों के कारण पति का बर्ताव गुस्सैल, चिढचिढ़ा और रूखा होने लगता है। जिसका रिश्ते पर बुरा असर पड़ता है। अगर यही नोकझोंक बढ जाए तो रिश्ता टूटने की कगार पर आ जाता है। हर दंपत्ति को कभी न कभी इस तरह के हालात से गुजरना पड़ता है। इसके लिए जरूरी है कि अपने जीवन साथी के इशारों को समझें। इन सबके पीछे की वजह जानें, इससे आप दोनों को नई राह जरूर मिल सकती है।

**पति को दें बात कहने का मौका**

सबसे पहले तो अपने पति को अपनी बात कहने का मौका दें ताकि वह बता सकें कि वह किन हालात में से गुजर रहे है। इससे उन्हें पता चलेगा कि आप उनकी भावनाओं को अच्छे से समझते है। इससे बात सुलझाने में भी आसानी होगी।

**अपना सुझाव भी रखें**

गुस्से की वजह जानने के बाद उनकी परेशानी में उनका साथ दें। उन्हें सुझाव दें कि कैसे वह इस हालात से खुद को बाहर निकाल सकते है। इसी समय ही आपका साथ रिश्ते की डोर को और भी मजबूत बनाएगा। अगर पति के गुस्से की वजह आप है तो उनसे माफी मागने से न हिचहिचाएं। अगर माफी से भी बात न बने तो पार्टनर के लिए सरप्राइज प्लान करें या फिर उनका मनपसंद खाना बनाएं। कोशिश करें कि आगे से ऐसे हालात पैदा ही न हो।

**कहें दिल की बात**

कई बार पति-पत्नी के बीच कुछ गलतफहमियां अपनी जगह बना लेती है। ऐसे हालात में पति के साथ खुलकर बात करें। पति को भी दें समय वयस्ता में अक्सर दंपत्ति एक-दूसरे को समय नहीं दे पाते। साथी को समय न दे पाना भी उनके गुस्सा होने की वजह हो सकता है। अक्सर ऐसा पत्नियों के साथ होता है। वह सारा समय परिवार और पर व्यतीत कर देती है पर पति को समय नहीं दे पाती, जिससे उनके बीच दूरियां पैदा हो जाती है। पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ पत्नी होने का फर्ज भी बखूबी निभाएं।



वियतनाम में पर्यटकों से भरा एक वाहन गिरने से करीब एक दर्जन लोगों की मौत हो गयी।

# चेंगदू के दूतावास में अमेरिकी झंडा नीचे हुआ

**चेंगदू।** संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। चेंगदू स्थित अमेरिकी दूतावास को बंद करने आदेश के कुछ दिन बाद ही, वहां लगा अमेरिकी झंडा नीचे कर दिया गया। सोमवार को चीनी मीडिया पर चली फुटेज में झंडे को धीमे-धीमे नीचे करते दिखाया गया। दोनों देशों ने एक-दूसरे पर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने के आरोप लगाए हैं। पिछले कुछ हफ्तों में अमेरिका और चीन के रिश्ते कोल्ड वॉर की तरह बिगड़े हैं। चेंगदू दूतावास को बंद करने का फैसला चीन ने अमेरिका के ह्यूस्टन में उसके दूतावास को बंद करने के बाद किया। चेंगदू



से अमेरिकंस को कब तक बाहर जाना है, उसकी डेडलाइन साफ नहीं है। ह्यूस्टन में चीनी दूतावास के कर्मचारियों को 72 घंटे का वक्त दिया गया था। शनिवार को एएफपी के रिपोर्टर्स के दूतावास के सामने से अमेरिकी प्रतीक चिन्ह को हटाते देखा था। शनिवार-रविवार के बीच कई ट्रक दूतावास आए और बड़े-बड़े बैग्स उनपर लादे गए। बीजिंग का कहना था कि चेंगदू दूतावास को बंद करना अमेरिका के ऊलजुलूल कदमों का जवाब देने के लिए वैध और जरूरी था।

# तूफान के कारण रियो वैली में तबाही



**कॉर्प्स क्रिस्टी।** अमेरिका में कोरोना महामारी के प्रकोप के बीच टेक्सास में खाड़ी तट पर हन्ना तूफान के पहुंचने से 145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं और तेज बारिश हो रही है। कई हिस्सों में बाढ़ का खतरा है। इस तूफान के कारण रियो वैली में तबाही का मंजर देखने को मिला और घाटी की सूरत बदल गई। कई जगह पेड़ उखडऩे के साथ कई नावों को भी नुकसान पहुंचा। तूफानी हवाओं के कारण बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। 2020 अटलांटिक तूफानी सत्र का पहला तूफान शनिवार को एक घंटे से भी कम समय में श्रेणी एक के तूफान के रूप में दो बार आया। सबसे पहले तूफान कॉर्प्स क्रिस्टी से दक्षिण में करीब 130 मील दूर पोर्ट मैन्सफील्ड के उत्तर में करीब 15 मील पर शाम करीब 5 बजे आया। इसके बाद यह पोर्ट मैन्सफील्ड के उत्तर-पश्चिमोत्तर में करीब 15 मील दूर पूर्वी केनेडी काउंटी में शाम करीब 6 बजकर 15 मिनट पर दस्तक दी। ब्राउन्सविले में राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम वैज्ञानिक क्रिस बिर्चफील्ड ने कहा कि निवासियों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

### सोशल मीडिया कार्यकर्ता की हत्या के मामले में पाक प्रांतीय मंत्री के खिलाफ मामला दर्ज

**कराची।** पाकिस्तान में एक सोशल मीडिया कार्यकर्ता की हत्या के आरोप में प्रांतीय मंत्री और उनके दो सुरक्षाकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार द लेवी फोर्स (अर्धसैनिक बल) ने बलूचिस्तान खाद्य एवं आबादी कल्याण मंत्री सरदार अब्दुल रहमान खान खेतीरन और उनके दो गार्ड अदम खान व नादिम खान के खिलाफ मृतक के भाई की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। बलूचिस्तान में बारखन जिले के नाहरकोट में 23 जुलाई को कुछ सशस्त्र लोगों ने अनवर नाम के व्यक्ति की हत्या कर दी। वह मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। अनवर के भाई गुलाम सरवर का आरोप है कि मंत्री के इशारे पर उनके गार्ड ने उसकी हत्या की गई। शिकायत के अनुसार अनवर सोशल मीडिया पर अपने क्षेत्र की समस्याओं, अत्याचार और मंत्री के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ लिखता था।

# रूस ने लॉन्च की ऐंटी-सैटालाइट मिसाइल, ब्रिटेन को हमले का भय, कहीं ठप न कर दे जीपीएस

**लंदन ।** रूस ने लॉन्च की ऐंटी-सैटालाइट मिसाइल को लॉन्च किया है। ब्रिटेन को इस मिसाइल के संभावित खतरे से भय है। रूस कहीं ब्रिटेन पर स्पेस से हमला न कर दे। इसके बाद कॉमन डिफेंस कमेटी के चेयरमैन टोबियस एलवुड ने चेतावनी दी है कि अगर रूस को स्पेस में हथियार बनाने की इजाजत मिलती है तो जीपीएस सिस्टम्स को खतरा हो सकता है। अमेरिकी सेना के स्?पेस कमान ने बताया था कि अंतरिक्ष में चक्?कर लगा रहे रूस के सैटलाइट कॉसमॉस 2542 पर 15 जुलाई को उसके अपने ही सैटलाइट कॉसमॉस 2543 ने मिसाइल हमला किया है। एलवुड ने सरकार से ऐसे खतरे से बचाने के लिए कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने चिंता जताई है कि इससे कम्यूनिकेशन और नैविगेशन



सिस्टम्स हमले का शिकार हो सकते हैं। एलवुड ने बताया है, %हमारी जिंदगी का हर पहलू जीपीएस पर निर्भर है। पेमेंट सिस्टम, कृषि, मशीनरी, मॉडर्न इंडस्ट्रीज और डिफेंस। जीपीएस में नुकसान से नैविगेशन ठप हो जाएगा।% चिंता जताई जा रही है कि इस हथियार से पश्चिमी सैटलाइट्स को नुकसान हो सकता है। एलवुड ने सरकार से सिक्यॉरिटी, डिफेंस, डिवेलपमेंट और पॉलिसी को जल्द रिव्यू करना चाहिए। इस रिव्यू में राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति की रणनीति पर चर्चा होनी है। उधर, रूस के विदेश मंत्रालय ने अटकलों पर विराम लगाने की कोशिश की है कि इस लॉन्च से पश्चिम को डरना चाहिए। यहां तक कि रूस ने इस बात का आरोप भी लगाया है कि अमेरिका एक शांतिपूर्ण स्पेस कैंपेन के खिलाफ अभियान चला रहा है। अमेरिकी खुफिया विशेषज्ञ रूस के जोड़े उपग्रह कॉसमॉस 2542 और 2543 पर कई महीने से नजर बनाए हुए हैं। वह तब से नजर बनाए हुए हैं जब यह केवल एक उपग्रह था और इसे सोयूज रॉकेट की मदद से 26 नवंबर 2019 को अंतरिक्ष में छोड़ा गया था। सैटलाइट लॉन्?च होने के 11 दिन बाद दो भागों में बंट गया और एक नए सैटलाइट को जन्?म दिया। वहीं, 15 जुलाई को रूस के अंतरिक्ष में जन्?म लेने वाले वाले उपग्रह कॉसमॉस 2543 ने अंतरिक्ष के बाहरी इलाके में एक मिसाइल से हमला किया। उन्?होंने कहा कि इससे अमेरिका और उसके सहयोगियों के अंतरिक्ष में मौजूद उपग्रहों के लिए खतरा उत्?पन्?न हो गया है।

# पाकिस्तानी संभाल रहे आतंकी संगठनों की कमानः संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र ।** आतंकवाद पर संयुक्त राष्ट्र की एक और रिपोर्ट से पाकिस्तान का नापाक चेहरा बेनकाब हुआ है। रिपोर्ट में अफगानिस्तान के सुरक्षा बलों ने आईएसआईएल-के (इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड लीवेंट-खुरासान) के सरगना असलम फारूकी



कहा गया है कि पाकिस्तान में आतंकवादी और आतंकी संगठन लगातार बढ़ रहे हैं। भारत में सक्रिय ऐसे कई संगठनों की कमान पाकिस्तान के आतंकवादियों के हाथों में है। इसमें इस्लामिक स्टेट (आईएस) और अलकायदा जैसे संगठन शामिल हैं। कई आतंकी अब भी संयुक्त राष्ट्र की काली सूची में शामिल नहीं हैं। संयुक्त राष्ट्र की विश्लेषणात्मक सपोर्ट और प्रतिबंधों की निगरानी टीम की रिपोर्ट में बताया गया कि अप्रैल और मई में उर्फ अब्दुल्ला ओरकजई को गिरफ्तार किया था। वह काबुल में एक गुरुद्वारे पर हुए हमले का मास्टरमाइंड है, जिसमें 25 सिख मारे गए थे। ओरकजई पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा का रहने वाला है। उसके साथ आईएसआईएल-के का पूर्व सरगना जियाउल-हक उर्फ अबू उमर भी गिरफ्तार किया गया था। वह भी पाकिस्तानी नागरिक है। दोनों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध समिति की ओर से अब तक काली सूची में नहीं डाला गया है।



रूस में नेवी डे समारोह में राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और नौसेना के कमांडर निकोलाई येमेनोव पहुंचे।

# अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ओ ब्रायन की रिपोर्ट पॉजिटव

**वाशिंगटन।** ट्रंप प्रशासन में अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार रॉबर्ट ओ ब्रायन की कोविड-19 रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वे फिलहाल आइसोलेशन में चले गए हैं। व्हाइट हाउस ने सोमवार को इसकी पुष्टि की है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि ट्रंप प्रशासन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ओ ब्रायन की कोविड-19 रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वे आइसोलेशन में हैं और काम कर रहे हैं। ओ ब्रायन से किसी अन्य के संक्रमित होने की संभावना से इंकार किया गया है। हालांकि, इस बारे में जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में कोविड-19 के दुनिया में सर्वाधिक मामले सामने आए हैं। यहां इस वायरस से सर्वाधिक मौतें भी हुई हैं।

# अमेरिका से तनाव के बीच दक्षिण चीन सागर में चीन ने शुरू की लाइव फायर ड्रिल

**बीजिंग।** चीन दक्षिण चीन सागर में लगातार अपनी गतिविधियां बढ़ा रहा है। अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच चीन की पीपल्स लिब्रेशन आर्मी (पीएलए) ने दक्षिणी गुआनडोंग प्रांत के लिझोऊ पेनिनसुला में लाइव फायर ड्रिल की शुरुआत की है। यह दक्षिण चीन सागर (एससीएस) का दहलीज कहा जाता है। चीन की आधिकारिक मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी है। एक सप्ताह तक चलने वाले इस ड्रिल में एंटीशिप और एंटी एयरक्राफ्ट अभ्यास किया जाएगा। इसमें पीएलए की वायुसेना और पीएलए की नेवी और रॉकेट फोर्स शामिल है। यह अभ्यास ऐसे समय में हो रहा है जब चीन का कई मुद्दों को लेकर अमेरिका से तनाव काफी बढ़ चुका है। दक्षिण चीन सागर और वॉशिंगटन द्वारा ताइवान को हथियार बेचे जाने को लेकर भी तनातनी है। पिछले सप्ताह, पहली बार वॉशिंगटन ने दक्षिण चीन सागर में चीन के दावे को खारिज कर दिया



है, जिसके बड़े हिस्से पर वियतनाम, फिलिपींस, मलेशिया, ब्रूनेई और ताइवान की ओर से दावा किया जाता है। इस ड्रिल से चीन अमेरिका को संदेश देना चाहता है, जिसने इस महीने अग्रिम पंक्ति के दो विमानवाहक पोतों को तैनात कर दिया। इसके साथ कई युद्धपोत भी हैं। इसके अलावा क्षेत्र में कई टोही विमान उड़ रहे हैं। हालांकि, पीएलए ने युद्धाभ्यास का विस्तृत ब्योरा नहीं दिया है। चाइनीज मिलिट्री एक्सपर्ट सोंग झोंगपिंग ने चीनी सरकार के मुखपत्र को बताया कि एयरफोर्स के लाइव-फायर ड्रिल में आमतौर पर एयरक्राफ्ट और सतह के जहाजों को निशाना बनाने का अभ्यास किया जाता है। सोंग ने कहा, %ऐसे ड्रिल से हवा में बढ़त और दक्षिण चीन सागर में शत्रुओं के जहाज को निशाना बनाने का अभ्यास किया जाता है। सोंग ने कहा कि एंटी-शिप अभ्यास में बैलिस्टिक मिसाइलों से सतह के बड़े जहाजों को लक्षित किया जा सकता है और भारीभरकम एंटी शिप क्रूज मिसाइल 300-400 किलोमीटर दूर के लॉन्ग रेंज स्ट्राइक भी कर सकते हैं। इस महीने चीन की वायु सेना ने लाइव फायर ड्रिल की थी और लड़ाकू विमानों को दक्षिण चीन सागर में अपने एक बेस पर भेजा था।



किसीमी में एमएलएस फुटबॉल मैच में खेलते हुए वेंकुवर व्हाइटस और स्टोर्टिंग कंसास के खिलाड़ी।

## भारत दौरे के लिए हमें मिले थे 55 हजार रुपये : रमीज

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा ने कहा है कि हमने 1986 1987 में हमने भारत का दौरा किया था और मुझे आज तक याद है कि उस समय हमें 5 टेस्?ट और 6 वनडे खेलने के 55 हजार रुपये मिले थे। इसके अलावा रमीज ने 1983 विश्व कप में जीत के बाद भारतीय टीम को मिले 2100 रुपये की राशि को भी दिखाया है। उस समय भारतीय टीम को मिलने वाले कुल 2100 रुपये को काफी अधिक माना जाता था और राजा ने इसी भुगतान बिल को शेयर करके उनको मिले 55 हजार पाकिस्?तानी रुपये से तुलना की है। इससे साफ है कि भारतीय टीम की विश्व कप जीत के बाद क्रिकेट में पैसा तेजी से बढा है। 25 जून 1983 को भारत ने वेस्?टइंडीज को हराकर इतिहास का अपना पहला खिताब जीता था। तब वेस्?टइंडीज को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। भारतीय गेंदबाजों ने इंडीज टीम को 140 रन पर ही समेट दिया और भारत ने 43 रन के अंतर से मुकाबला जीतकर इतिहास रच दिया था। उस समय मदन लाल और अमरनाथ ने टूर्नामेंट में 33 विकेट लिए थे जबकि कपिल देव टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन 2021 कम दर्शकों के सामने होगा





**मेलबर्न।** कोरोना वायरस के संकट के बीच ऑस्ट्रेलियाई ओपन के आयोजकों ने जैव सुरक्षित वातावरण में कम दर्शकों के साथ 2021 टूर्नामेंट की मेजबानी करने की योजना बनायी है। टेनिस ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी क्रेग टीले ने कहा कि 2021 के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए जरूरी योजना बनाने में मदद के लिए यूएस ओपन और स्थगित फ्रेंच ओपन के आयोजन को करीब से देखेंगे। टीले ने कहा कि जनवरी में होने वाले टूर्नामेंट का खाका पहले ही तैयार कर लिया गया है। टीले ने शनिवार को कहा, 'हमने कई विकल्पों के साथ जाने का इस सप्ताह फैसला किया है।%मेलबर्न और विक्टोरिया राज्य के दर्शकों को अनुमति होगी। अगर सीमा से प्रतिबंध हट गया तो शायद न्यूजीलैंड के दर्शकों को छूट दी जा सकती हैं।% उन्होंने कहा, 'पिछले साल रिकार्ड 8,21,000 संख्या में दर्शक आये थे जो अगले टूर्नामेंट में नहीं होगा।

# करियर के अंत में गैर-पेशेवर तरीके से व्यवहार किया गया : युवराज



**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह ने कहा कि करियर के अंत में उनके साथ गैर-पेशेवर तरीके से व्यवहार किया गया। युवराज को भारत के महान ऑलराउंडरों में माना जाता है। वह भारत की टी20 विश्व कप-2007 और वर्ल्ड कप-2011 में जीत का अहम हिस्सा रहे थे। युवराज ने कहा, 'मुझे लगता है कि उन्होंने मेरे करियर के अंत में मेरे साथ जैसा व्यवहार किया गया, वह काफी गैर पेशवर था। उन्होंने साथ ही कहा, %जब मैं कुछ और दिग्गज खिलाड़ियों हरभजन सिंह, वीरेदर सहवाग, जहीर खान को देखता हूं तो लगता है कि इनके साथ भी अच्छा व्यवहार नहीं किया गया। इसलिए यह भारतीय क्रिकेट का एक हिस्सा है। मैंने ऐसा पहले भी देखा है इसलिए मैं हैरान नहीं हूं।' उन्होंने कहा, ' भविष्य में जो भारत के लिए इतने लंबे समय के लिए खेला हो, मुश्किल स्थिति से गुजरा हो, आपको उसे निश्चित तौर पर सम्मान देना चाहिए।' प्रशंसकों और साथी खिलाड़ियों के बीच आक्रमक बल्लेबाज के रुप में लोकप्रिय रहे युवराज ने कहा, 'जैसे गौतम गंभीर जिसने हमारे लिए दो विश्व कप जीते। सहवाग जो टेस्ट में सुनील गावसकर के बाद हमारे लिए सबसे बड़े मैच विजेता खिलाड़ी रहे। वीवीएस लक्ष्मण, जहीर जैसे खिलाड़ी हैं, उन्हें जितना सम्मान मिलना चाहिए नहीं मिला।' युवराज हालांकि अपने आप को महान खिलाड़ी नहीं मानते हैं। युवराज ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैं महान खिलाड़ी हूं। मैंने यह खेल पूरे सम्मान के साथ खेला है पर मैंने ज्यादा टेस्ट क्रिकेट नहीं खेली है। महान खिलाड़ी वे हैं, जिनका टेस्ट रेकॉर्ड काफी अच्छा है।'

# करीब पांच महीने बाद होगी टेनिस की वापसी

### कोरोना वायरस के कारण नहीं हो सका था टूर्नामेंट

**रोम ।** करीब पांच महीने तक स्थगित रहने के बाद तीन से नौ अगस्त तक खेले जाने वाले पालेर्मो लेडिज ओपन से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टेनिस की वापसी हो रही हैं। कोरोना वायरस महामारी के कारण यह टूर्नामेंट अभी तक नहीं हो पाया था। टूर्नामेंट में विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सिमोना हालेप और 2017 फ्रेंच ओपन चैम्पियन येलेना ओस्टापेंको के अलावा पिछले साल फ्रेंच ओपन की उपविजेता रही मार्केटा वोंद्रोसोवो भी भाग ले रहीं हैं। टूर्नामेंट के निदेशक ओलिवियरो पाल्मा ने



कहा, 'इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची शानदार हैं। यह किसी बड़े टूर्नामेंट की तरह है।%इटली के छोटे शहर में होने वाले टूर्नामेंट में आम तौर पर शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी भाग नहीं लेते लेकिन कोविड-19 महामारी के दौर में वापसी कर रहे इस टूर्नामेंट में दो ग्रैंड स्लैम चैम्पियन, फ्रेंच ओपन की पिछले साल की उपविजेता और शीर्ष रैंकिंग के कई खिलाड़ी भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा, 'यह निश्चित रूप से हमारे लिए एक बड़ा सम्मान है लेकिन बहुत बड़ी जिम्मेदारी भी हैं।% मार्च के बाद आधिकारिक तौर पर खेले जाने वाला यह पहला टूर्नामेंट होगा।

## पाक गेंदबाज ने विराट को सभी प्रारुपों में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बताया

**लाहौर।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज जुनैद खान कहा है अभी के दौर में भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली तीनों प्रारुपों में विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। जुनैद ने कहा कि कोहली निरंतरता के मामले में बाबर आजम, स्टीव स्मिथ, केन विलियमसन जैसे बल्लेबाजों से कहीं आगे हैं। जुनैद ने कहा, %इसमें कोई संदेह नहीं है कि कोहली तीनों प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। अगर आप किसी से पूछेंगे तो वह कहेंगें कि बाबर आजम, जो रूट, केन विलियमसन, स्टीव स्मिथ इस समय विश्व में सर्वश्रेष्ठ हैं पर भारतीय कप्तान इन सभी से आगे हैं क्योंकि वह तीनों ही प्रारूपों में सबसे बेहतर हैं। 2012 में भारत में हुई एकदिवसीय सीरीज में जुनैद ने ही कोहली को तीन बार आउट किया था।

## दो साल की उम्र में सेरेना की बेटी बनी फुटबॉल टीम की मालिक, बना नया रिकॉर्ड

**न्यूर्याक।** साल 2018 में महिला टेनिस की सबसे बड़ी स्टार खिलाड़ी सेरेना विलियम्स ने बेटी को जन्म दिया था। इसके बाद सेरेना सोशल मीडिया पर लगातार तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। सेरेना ने बेटी ने दो साल की उम्र में बड़ा कारनामा कर दिया है। सेरेना की बेटी अमेरिका की नेशनल वुमेन सोकर लीग की टीम लॉस एंजेलिस की मालकिन बन गई है। सेरेना विलियम्स ने इस बारे में जानकारी दी। लीग का नया सीजन 2022 में शुरू होगा। सेरेना की बेटी ओलिंपिया इसके साथ ही प्रो स्पोर्ट्स में सबसे युवा मालिक बन गई है। सेरेना ने कहा कि उन्हें



खुशी है कि वह अपनी बेटी के साथ मिलकर महिलाओं को खेल में आगे लाने की कोशिश कर पा रही है और उन्हें इसपर गर्व है। 2018 में 23 बार ग्रैंड स्लैम का खिताब जीतने वाली सेरेना ने मां बनने के बाद कोर्ट पर वापसी की है। उन्होंने अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम खिताब पिछले साल ऑस्ट्रेलियन ओपन में जीता था। इसके बाद से वह कई बार फाइनल में पहुंची लेकिन जीत नहीं सकी।

# शेयर बाजार तेजी के साथ खुला

**मुंबई।** मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ खुला। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन एशियाई बाजार से मिले अच्छे संकेतों से बाजार में तेजी देखी गयी पर यह अधिक देर कायम नहीं रह सकी और बाजार गिरने लगा। सुबह सेंसेक्स करीब 146 अंकों की बढ़त के साथ 38,275.34 के स्तर पर खुला पर



सेंसेक्स में ये बढ़त ज्यादा देर नहीं रही और देखते ही देखते वह फिसलने लगा। वहीं निफ्टी में भी पहले बढ़त दिखी, पर बाद में वह नीचे आने लगा। निफ्टी करीब 30 अंकों की बढ़त के साथ 11,225 के स्तर पर खुला पर यह बढ़त कुछ देर में ही गिरावट में बदल गई। इससे पहले बीएसई सेंसेक्स गत कारोबारी दिन रविवार को 38,128.90 अंक और निफ्टी सूचकांक 11,194.15 अंक पर बंद हुआ था। बाजार में आज सुबह खुलते ही खरीदारी का माहौल रहा। दिग्गज के साथ मिडकैप आईटी शेयर भी उछाल पर दिखे। आईटी कंपनी टीसीएस का शेयर 2 फीसदी ऊपर दिख रहा है। वहीं एचडीएफसी बैंक का शेयर 3 फीसदी गिरा है। सेंसेक्स और निफ्टी ने आज सुस्त शुरुआत की है। बैंकिंग शेयरों में बिकवाली हावी है। बैंक निफ्टी 300 अंक नीचे दिख रहा है।

## भारत में रेडमी 9 की लॉन्चिंग से कंपनी ने पर्दा उठाया

**नई दिल्ली।** शोओमी की रेडमी नोट सीरीज को दुनिया भर में काफी पसंद किया जाता है। भारत में यह सीरीज काफी पॉप्युलर है। कंपनी 2020 में भारत में रेडमी नोट 9 सीरीज के तहत तीनों फोन लांच कर चुकी है। अब कंपनी ने भारत में रेडमी 9 की लॉन्चिंग से कंपनी ने पर्दा उठा दिया है। यह फोन 4 अगस्त को लांच किया जाएगा। कंपनी फोन को अमेजॉन प्राइम डे सेल के दौरान लांच कर रही है। रेडमी इंडिया ने अपने ऑफिशल ट्विटर हैंडल पर पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। अमेजॉन पर प्राइम डे सेल 6 अगस्त को शुरू हो रही है। माना जा रहा है यह फोन सेल का हिस्सा हो सकता है। आपको बता दें कि कंपनी यह फोन अपने घरेलू मार्केट चीन में पहले ही लांच कर चुकी है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में नहीं हुआ बदलाव

### इस महीने 10 बार डीजल की कीमत में हुई बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। अभी एक दिन पहले ही तेल कंपनियों ने डीजल की कीमतों में ही 15 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। वहीं पिछले सप्ताह सरकारी तेल कंपनियों ने लगातार 4 दिनों तक पेट्रोल और डीजल की कीमतों की कीमतों को परिवर्तन नहीं किया था पर महीने 10 बार डीजल की कीमत में बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में बीते दिन पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पेट्रोल कल के भाव 80.43





रुपये प्रति लीटर है। डीजल भी कल के भाव 81.94 रुपये प्रति लीटर हैं। मुंबई में पेट्रोल के दाम 87.19 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 80.11 रुपये प्रति लीटर हैं। वहीं कल मुंबई में डीजल 14 पैसे महंगा हो गया था। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 82.10 रुपये प्रति लीटर है और डीजल की कीमत 77.04 रुपये प्रति लीटर है। यहां भी कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। कल डीजल के दाम 13 पैसे बढ़ गए थे। चेन्नई में चेन्नई में शनिवार को डीजल 13 पैसे महंगा हो गया है। ऐसे में अब पेट्रोल 83.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 78.86 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में शनिवार को डीजल 13 पैसे महंगा हो गया है। बेंगलुरु में शनिवार को बेंगलुरु में डीजल के दाम 14 पैसे बढ़ गए थे। अब पेट्रोल के दाम 83.04 रुपये प्रति लीटर और डीजल 77.88 रुपये प्रति लीटर हैं। इस महीने 10 बार जो डीजल के दाम बढ़ाए गए हैं, उससे डीजल 1.60 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। वहीं पेट्रोल की बात करें तो इसकी कीमओं में गत 29 दिनों से कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसके दाम में अंतिम बार बीते 29 जून को बढ़ोतरी हुई थी, वह भी केवल 5 पैसे प्रति लीटर। दिल्ली में बीते दिन पेट्रोल की कीमत 80.43 रुपये और डीजल 81.94 रुपये रही। पिछले सप्ताह के शुरूआती दिनों को छोड़ दिया जाए तो शेष दिन कच्चे तेल की कीमतों में बदलावा नहीं रहा।

# कोविड-19 कोरोना संक्रमण को रोकने के लिये सोशल डिस्टेंसिंग एवं मास्क पहनना जरूरी

## कलेक्टर सिंह ने शहर में भ्रमण कर एक दर्जन से अधिक लोगों पर लगाया जुर्माना

**ग्वालियर।** कोविड-19 के संक्रमण को रोकने के लिये सोशल डिस्टेंसिंग के साथ-साथ हर व्यक्ति को सार्वजनिक स्थल पर मास्क लगाना अनिवार्य है। मास्क न लगाने और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने वालो के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को शहर का भ्रमण कर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने तथा बिना मास्क के सार्वजनिक स्थल पर घूमने वालों के विरूद्ध जुर्माने की कार्रवाई कराई। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को अचानक पड़ाव, शिंदे की छावनी, डीडी मॉल तिराहे के साथ-साथ इंदरगंज, नदीगेट क्षेत्र एवं अन्य बाजारों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन न करने वाले दुकानदारों एवं बिना मास्क के सार्वजनिक स्थलों पर घूम



रहे लोगों पर जुर्माना कर राशि वसूल की। उन्होंने भ्रमण के दौरान एक दर्जन से अधिक लोगों पर जुर्माना लगाकर राशि वसूल कराई। इसके साथ ही दुकानदारों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने तथा दुकान में कार्य कर रहे सभी लोगों को मास्क पहनकर कार्य करने की समझाइश दी। कलेक्टर श्री सिंह ने दुकानदारों को यह भी समझाइश दी कि स्वयं मास्क पहनें। इसके साथ ही दुकान पर आने वाले हर व्यक्ति को मास्क पहनने की समझाइश दें। इसके साथ ही बिना मास्क पहने व्यक्ति को कोई सामान न दें। उन्होंने कहा कि मास्क पहनना न केवल अपनी सुरक्षा के लिये बल्कि आम जनों की सुरक्षा के लिये भी नितांत जरूरी है। कोविड-19 की गाइडलाइन में भी सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क का उपयोग करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने शहरवासियों से अपील की है कि वे कोरोना संक्रमण की रोकथाम में अपना सहयोग दें। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और आवश्यक कार्य होने पर घर से निकलते समय मास्क अवश्य पहनें। उन्होंने यह भी अपील की है कि जब तक बहुत आवश्यक न हो, तब तक घर से न निकलें। अपने हाथों को नियमित धोते रहें और सेनेटाइज करते रहें। कोरोना संक्रमण से डरने की नहीं बल्कि सावधानी बरतने की सबसे ज्यादा जरूरत है। कलेक्टर श्री सिंह ने अपनी अपील में शहरवासियों से कहा है कि कोरोना संक्रमण को रोकने के लिये अब यह जरूरी है कि पड़ोसी, पड़ोसी की निगरानी करे और उसकी मदद भी करे। किसी भी व्यक्ति को कोई स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो तो वह अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर संपर्क करे। इसके साथ ही कंट्रोल रूम के दूरभाष क्रमांक 0751-2646605, 2646606, 2646607, 2646608, 2646609 पर संपर्क करे। इसके साथ ही कंट्रोल कमांड सेंटर में गठित कंट्रोल रूम में वॉट्सएप नम्बर 7089003193 पर वीडियो कॉलिंग कर चिकित्सकीय सलाह भी प्राप्त कर सकते हैं। कंट्रोल रूम में उपलब्ध चिकित्सक वॉट्सएप कॉलिंग के माध्यम से चिकित्सकीय सलाह दे रहे हैं। जिले में अब तक दो हजार से अधिक लोगों ने वॉट्सएप कॉलिंग के माध्यम से चिकित्सकीय सलाह प्राप्त की है।

# स्वच्छता के कार्य में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए - ऊर्जा मंत्री तोमर

**ग्वालियर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि शहर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। डोर-टू-डोर कचरा प्रबंधन की सतत मॉनीटरिंग हो और शहर साफ-सुथरा रहे, इसके लिये अधिकारी विशेष निगरानी करें। मंत्री श्री तोमर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से शहर की सफाई व्यवस्था के साथ-साथ शासन की अन्य कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में चर्चा करते हुए यह निर्देश दिए हैं। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिये नगर निगम का अमला विशेष प्रयास करे। इसके साथ ही जिले के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य विभाग के अधिकारी भी शहर को बेहतर बनाने के लिये समन्वित रूप से कार्य करें। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शहर विकास के लिये सभी को एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया। चर्चा के दौरान कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री सांघी, नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन, अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री किशोर कन्याल, एडीएम श्री टी एन



**स्वच्छता को लेकर अधिकारियों से मंत्री ने की चर्चा**

सिंह, अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य उपस्थित थे। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि शहर में स्वच्छता के कार्य में लगी ईको ग्रीन कंपनी अपनी पूरी क्षमता के साथ स्वच्छता का कार्य करे, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। शहर के सभी वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा वाहन के माध्यम से प्रतिदिन कचरे का कलेक्शन और निष्पादन हो, यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ईको ग्रीन कंपनी अगर कार्य नहीं कर रही है तो उसके विरूद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाना चाहिए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने चर्चा के दौरान कहा कि शहर की स्वच्छता में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए। स्वच्छता के कार्य में लगे सभी लोग अपनी पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने के कार्य को करें। कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरूद्ध भी दण्डात्मक कार्रवाई की जाए। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने चर्चा के दौरान यह भी कहा कि कोविड-19 के कारण छोटे व्यवसाय करने वाले दुकानदार परेशान हैं। शासन ने इनकी मदद के लिये 10 हजार रूपए का ऋण बिना ब्याज के देने की योजना प्रारंभ की है। छोटे व्यवसाइयों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना का लाभ अधिक से अधिक व्यापारियों को मिले, इसके प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह से भी कहा कि विभिन्न बैंकों के माध्यम से छोटे-छोटे व्यवसाइयों को ऋण के जो प्रकरण हैं वह तत्परता से स्वीकृत हों और लोगों को इसका लाभ मिले, इसके लिये विशेष प्रयास किया जाना चाहिए।

# ग्राम कुलेथ में लाइट की समस्या निरंतर जारी

**ग्वालियर वासुदेव मिश्रा, (पुष्पांजली टुडे)**

शहर से दूर ग्राम कुलैथ में विगत कई माह से जरा सा हवा पानी के चलते विद्युत खंडे एवं ट्रांसफार्मर में खराबी आ जाने के कारण से विद्युत लाइट अवरोध हो जाने से ग्रामीण जनों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीण वासी अजय भार्गव ने जानकारी दी कि विद्युत विभाग के संबंधित उच्च अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस और कई बार अवगत करा दिया गया है लेकिन किसी का कोई ध्यान नहीं जा रहा है। अब शायद ऐसा माना जा सकता है कि गांव वाले मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर के पास ज्ञापन लेकर अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचेंगे। ग्रामीण जनों के अनुसार स्वयं ही इन्हें मध्य रात्रि में ट्रांसफार्मर में खराबी आने पर फिल्म तेज हवा पानी चलने पर विद्युत खंभों में अपनी जान जोखिम में डालकर सुधार करने हेतु विवश हो रहे हैं। आने वाला समय ही बताएगा कि गांव वासी अजय भार्गव ने मजबूरन सोशल मीडिया का सहारा लेकर समस्या से विद्युत कर्मचारियों मंत्री तथा आमजन को अवगत कराया है अब आने वाला समय ही बताएगा कि कब और किस प्रकार से इनकी यह समस्या हल होगी।



# बच्चों के प्रति लैंगिक अपराध रोकने जनजागरूकता जरूरी- डॉ पांडे



**ग्वालियर।** बच्चों के प्रति लैंगिक अपराध जैसी घटनाओं को रोकने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग में लैंगिक अपराधों के प्रति जनजागरूकता जरूरी है। 18 वर्ष से कम आयु के बालकों के साथ लैंगिक हमला, लैंगिक उत्पीडन् और अश्लील साहित्य अपराधों से बालकों को संरक्षण प्रदान करने के लिये पॉक्सो अधिनियम बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चे, जिनके साथ किसी भी तरह का लैंगिक शोषण हुआ है या करने का प्रयास किया गया है, वे सब इसके दायरे में आते हैं। यह बात मंगलवार को पीटीएस तिघरा में आयोजित लैगिंक अपराधों से बालकों का संरक्षण एवं फोरेंसिक साइंस की भूमिका विषय पर आयोजित ऑनलाइन कार्यशाला में माधव विधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नीति पांडे ने मुख्यवक्ता के रुप में कही। उन्होंने कहा कि यह कानून जहां बच्चे के साथ लैंगिक शोषण की घटना हुई हो या होने की संभावना हो, दोनों ही स्थिति में लागू होता है। कार्यशाला में आरएफएसएल के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक एसपी शर्मा ने बताया कि जब गवाह पलट जाते है, तो फोरेंसिक रिपोर्ट ही आरोपी को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण होती है। कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अताउल्लाह सिद्धीकी, विजय कुमार आदि शामिल रहे। पोक्सो एक्ट में फांसी की सजा श्रीमती पांडे ने बताया कि निर्भया कांड के उपरान्त भारत में इस तरह के अपराध पर कानून बहुत सख्त हो गया है। 2018 में पोक्सो एक्ट में संशोधन करके 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे के साथ यौन अपराध पर फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ यौन अपराध के लिए उम्रकैद की सजा दी जाती है और पोक्सो के अंतर्गत उम्रकैद की सजा का अर्थ आजीवन कैद है।

# रेत का अवैध परिवहन करने वाले 10 वाहन जब्त

**ग्वालियर ।** पुलिस ने रेत माफिया पर शिंकजा कसते हुए देहात इलाके में रेत का अवैध परिवहन करने वाले 10 वाहन जब्त कर लिये है । पुलिस ने इनके चालकों को भी गिरफ्तार कर के चोरी और खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है । इन सभी को पुलिस अगले 24 घंटे में कोर्ट में पेश करेगी । एसपी अमित सांघी के आते ही रेत माफियाओं पर पुलिस के तेवर तीखे हो गए हैं । एसपी ने बीती रात को एएसपी देहात राय सिंह नरवरिया को निर्देश दिये थे कि रेत चोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें ।

# कोरोना कर्मठ योद्धाओं का हुआ सम्मान



**ग्वालियर।** कोरोना कर्मठ योद्धा सम्मान समारोह कोविद-19 कोरोना महामारी के चलते पुलिस प्रशाशन की ओर से जो सराहनीय कार्य किये जा रहे है लोगो की मदद के लिए पुलिस दिन रात निरंतर कार्य कर रही है आज उसी के चलते आज थाना हुजरात कोतवाली के थाना प्रभारी विवेक अष्ठाना जी और ड्रहाद्ध बनवारी मिश्रा,,ड्रहाद्ध भानू प्रसाद दुबे,नीलम शर्मा,सीता कुशवाह, प्रियंका शर्मा,पुरीमा नामे, राजेन्द्र यादव एवं सफाई कर्मचारी ओर स्वस्थ कर्मचारी का सम्मान आज कर्तव्य जन समाजिक संस्था की ओर से किया गया जिसमें संस्था की ओर से संस्था की अध्यक्ष शैलजा शर्मा ,संस्था संरक्षक भारती राजोरिया,कंचन शर्मा,हर्षिता गुर्जर,दिनेश शुक्ला,मुकेश कुलश्रेष्ट,एवं सभी पदादिकारी मौजूद रहे।।


## छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

पुष्पांजली टुडे

क्लासिफाइड में अगले दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन की बुकिंग सुबह 10 बजे से सांय 6 बजे तक

डिस्प्ले क्लासिफाइड 25/ रु Sq.Cm.
( Min. size 5×9 )
कोर्ट नोटिस / आम सूचना साइज
12×5 - 2000 रु

नि:शुल्क
बच्चों के बर्थडे एवं शादी की सालगिरह श्रंद्धाजलि शोक संदेश उठावनी

संपर्क सूत्र : 8269307478,7999246560



## प्रतिभा हम निखारेंगे

अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी लेख कविताओं को हम देंगे जगह, आपके अंदर की प्रतिभाओं को हम उभरेंगे। तो देर किस बात की अभी हमे भेंजे अपनी कविता,लेख,कहानी,या फिर देख की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार आप हमें व्हाट्सएप या मेल कर सकते है।

*हमारा उद्देश्य - भारत को में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकलना।*

पुष्पांजली टुडे
E-mail - pushpanjalitoday@gmail.com
Whatsapp :- 8269307478,7999246560,9691270207

नोट : मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो और नाम/पता/व्हाट्सएप अवश्य भेंजे



युवा प्रदेश अध्यक्ष,
अखिल भारतीय क्षत्रिय महा सभा मध्य प्रदेश के
युवा प्रदेश अध्यक्ष सतेंद्र सिंह भदोरिया जी को पुत्ररत्न की





हार्दिक बधाई

विपिन तोमर (मिडौसा) युवा प्रदेश संगठन मंत्री



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478